Follow us on :

bharatbhaskar.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# भारत भास्कर

हर खबर का असर

डाक पंजीयन - छ.ग. / रायपुर संभाग / 58 / 2021-2023

● वर्ष : 15 ● अंक-257 ● रायपुर, सोमवार 16 अक्टूबर 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य-2 रूपये ● रायपुर, नागपुर, भोपाल, लखनऊ एवं दिल्ली से प्रकाशित ● RNI-CHHHIN/2009/29179

सूर्योदय 6.22
सूर्यास्त 5.38
कार्तिक शुक्ल पक्ष
पक्ष- द्वितीया

**सुविचार**

किसी चीज़ को पाने का जुनून एक आग की तरह है। उसे अपने अंदर बनाए रखें।
-स्वदेश तिवारी



3 कलेक्टर ने चार्ज लेने के तत्काल बाद ली अफसरों की बैठक



5 धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे रेत के ओवरलोड वाहन



7 व्यय प्रेक्षक ने अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा के एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

## संक्षिप्त समाचार

### बूढ़ा पहाड़ में सुरक्षा बलों को उड़ाने की साजिश नाकाम

**रांची।** झारखंड के लातेहार जिले में बूढ़ा पहाड़ की तराई वाले जंगलवर्ती इलाके से पुलिस ने सात सिलिंडर बम के अलावा दो आईईडी बरामद किए हैं। माना जा रहा है कि माओवादियों ने सुरक्षा बलों को उड़ाने की योजना के तहत बम प्लांट किए थे। हालांकि, सुरक्षा बलों ने करीब एक साल पहले ही बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से मुक्त करा लिया था। आशंका है कि बम या तो पहले लगाए गए होंगे या फिर बूढ़ा पहाड़ से भागने के बाद नक्सलियों का कोई दस्ता फिर से पांव फैलाने की कोशिश कर रहा है। लातेहार के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को सूचना मिली थी कि लाटू के जंगल में माओवादियों ने भारी संख्या में सिलेंडर बम छिपाकर कर रखा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ व जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने लाटू जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान ढाई-ढाई किलो के सात सिलेंडर बम, एक टिफिन बम व एक अन्य आईईडी बरामद किया गया। सीआरपीएफ की बम निरोधक टीम द्वारा मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया गया।

### आयुष्मान कार्ड का वितरण दिघवारा में किया गया

**पटना।** पूर्व सहकारिता मंत्री बिहार सरकार राणा रणधीर सिंह ने किया आयुष्मान कार्ड का वितरण पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद राजीव प्रताप रूडी के द्वारा बनाया गया आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। सांसद राजीव प्रताप रूडी के अनुशंसा पर दिघवारा प्रखंड के बस्ती जलाल पंचायत स्थित बालिका उच्च विद्यालय पर आयुष्मान गोल्डन कार्ड का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्ड का वितरण मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बिहार सरकार राणा रणधीर सिंह के द्वारा कार्ड का वितरण किया गया ज्ञात हो कि पूर्व में इसी स्थान पर कैम्प लगाकर सभी लाभुकों का रजिस्ट्रेशन किया गया था। इस कार्यक्रम में लगभग 185 लाभुकों को गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराया गया । इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश मिडिया प्रभारी उपेंद्र सिंह प्रदेश कार्य समिति राकेश सिंह भी उपस्थित रहे सभी लोगों ने इस कार्य के लिए माननीय सांसद राजीव प्रताप रूडी के इस सोच के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। और कार्य कि सराहना कि इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दीपक गुप्ता मुखिया ओमप्रकाश।

कांग्रेस ने 30 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की

# भाजपा की राह चली कांग्रेस,पहली लिस्ट में सांसद को टिकट

■ छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में सांसद दीपक बैज को भी चुनावी मैदान में उतारा गया

रायपुर/ संवाददाता

लंबे इंतजार के बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस पार्टी ने पहली सूची में मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम सहित कई मंत्रियों को टिकट दिया। एक मंत्री के सीट में बदलाव भी किया गया है। सबसे अनोखी बात ये है कि कांग्रेस ने विपक्षी भाजपा की तर्ज पर अपने सांसद दीपक बैज को मैदान पर उतारा है। गौरतलब हो भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सांसदों और मंत्रियों को विधानसभा चुनाव में उतारा है। भूपेश बघेल के खिलाफ उनके भतीजे संसद विजय बघेल चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस ने भी अपनी पहली लिस्ट में संसद दीपक बैज पर भरोसा जताया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले चरण बस्तर और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले 20 सीटों के लिए कांग्रेस ने 19 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, जिनमें से 4 सीटों पर 'नारी शक्ति' पर भरोसा जताया गया है। सूची में 7 नए चेहरे और 8 विधायकों का टिकट काट दिया गया है। कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में तीन महिला विधायकों के स्थान पर पुरुष उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है। इनमें पंडरिया से ममता चंद्राकर की जगह नीलकंठ चंद्रवंशी, खुज्जी से छन्नी साहू की जगह भोलाराम साहू और दंतेवाड़ा से देवती कर्मा के बदले छबिंद्र कर्मा शामिल हैं। वहीं



डोंगरगढ़ सीट पर भुनेश्वर बघेल की जगह हर्षिता बघेल को मौका दिया गया है। इसके साथ ही खैरागढ़ से यशोदा वर्मा, भानुप्रतापपुर से सावित्री मंडावी और डौंडीलोहारा अनिल भेड़िया को फिर से रिपीट कर पार्टी ने उन पर अपना भरोसा बरकरार रखा है। दंतेवाड़ा सीट पर कर्मा परिवार से देवती कर्मा की जगह अब उनके बेटे छविंद्र कर्मा को मौका दिया गया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की पहली सूची में अधिकांश नाम चर्चित हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी सीट पाटन से चुनाव लड़ेंगे। वहीं टीएस सिंहदेव अंबिकापुर से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस की सूची में विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, रविंद्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, मो. अकबर, शिव डहरिया, गुरु रूद्र कुमार, मोहन मरकाम, अमरजीत भगत, उमेश पटेल, जयसिंह अग्रवाल सहित कई विधायकों के नाम हैं। छत्तीसगढ़ के वर्तमान मंत्रियों पर कांग्रेस ने भरोसा जताया है। टिकट घोषणा के साथ कहीं खुशी तो कहीं गम की स्थिति है। टिकट कटने से विधायकों में मायूसी है। एक मंत्री का बदला सीट, 8 विधायक को टिकट नहीं कांग्रेस की पहली सूची में 30 उम्मीदवारों के नाम हैं। पहले चरण की चुनावी 19 सीटों के साथ अन्य 11 सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की की गई है। जारी सूची के मुताबिक 6 नए चेहरों को मौका दिया गया है ।और 7 विधायकों की टिकट कटी है। जगदलपुर सीट के लिए अभी नाम नहीं आया है। मंत्री गुरु रूद्र कुमार की सीट बदली गई है।

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की लिस्ट से तय हो गई चाचा और भतीजे की लड़ाई

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट घोषित कर दी है। 30 प्रत्याशियों की लिस्ट में सीएम भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव का नाम भी शामिल है। भूपेश बघेल वर्तमान सीट पाटन से ही चुनाव लड़ेंगे। पाटन से बघेल का नाम सामने आने के बाद ये तय हो गया है कि सियासी रण में चाचा भतीजा आमने सामने होंगे। इससे पहले भाजपा ने अगस्त में पहली लिस्ट में पाटन से भूपेश के भतीजे विजय बघेल को टिकट दिया है। कांग्रेस की लिस्ट आने के बाद 'छत्तीसगढ़ में चाचा एवं भतीजा' कयास पर मुहर लग गई है। दुर्ग से भाजपा संसद विजय बघेल को अगस्त में बीजेपी ने पहली लिस्ट में पाटन से टिकट दिया था।

ग्वालियर-चंबल में जीत के लिए बीजेपी बेकरार

# मंत्री सिंधिया को उतारने से होगा फायदा वोटरों का क्या है विचार

ग्वालियर/ एजेंसी

मध्य प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव में चंबल-ग्वालियर क्षेत्र से कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस बार अपनी विकास और कल्याणकारी योजनाओं के दम पर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रही है, लेकिन क्षेत्रीय कारकों और सत्ता में 'बदलाव' का कांग्रेस का अभियान उसके लिए चुनौती है। चंबल-ग्वालियर के कई निर्वाचन क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व क्षमता के कई प्रशंसक हैं, लेकिन इनमें से कई मतदाता राज्य में



'बदलाव' की आवश्यकता पर जोर देते हैं और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान-नीत सरकार को लेकर उनके मिले-जुले विचार हैं और उनके पास शिकायतों की एक सूची भी है।यदि सड़क, बिजली और पानी की आपूर्ति की स्थिति में सुधार के भाजपा सरकार के दावों को लेकर कुछ हद तक स्वीकार्यता है, तो कई लोग सरकार के समग्र रिकॉर्ड पर सवाल भी उठाते हैं। मतदाताओं का एक वर्ग महंगाई, बेरोजगारी, नौकरशाही की उदासीनता, भ्रष्टाचार एवं आवारा मवेशियों जैसे मुद्दों को लेकर सरकार की आलोचना करता है। जो कारक भाजपा की मदद करते नजर आ रहे हैं। उनमें गरीब महिलाओं के लिए नकद हस्तांतरण पहल 'लाडली बहना योजना' और केंद्र द्वारा किसानों के लिए शुरू की गई इसी तरह की नकद हस्तांतरण योजना जैसी कल्याणकारी पहल हैं।



मैसूरु में दशहरा 2023 समारोह के उद्घाटन के दौरान निजी दरबार हॉल में मैसूर के महाराजा यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार.

योगी सरकार की नई पहल

# जिलाधिकारियों को हिंसा पीड़ित महिलाओं से करनी होगी बात....

लखनऊ। एजेंसी

उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के चौथे चरण की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत योगी सरकार महिला सशक्तिकरण पर जोर दे रही है। अभियान के तहत एक मेगा इवेंट भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें हर जिले के जिलाधिकारी महिलाओं से सीधा संवाद करेंगे। यह इवेंट हिंसा की पीड़ित महिलाओं के लिए किया जा रहा है। बताया गया कि 'हक की बात, जिलाधिकारी के साथ' नाम से मेगा इवेंट भी आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश के सभी जिलों के डीएम हिंसा से पीड़ित महिलाओं के साथ



संवाद करेंगे। शक्ति कार्यशालाओं का भी आयोजन होगा। इसमें कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के तहत गठित स्थानीय व आंतरिक परिवाद समितियों का ओरिएंटेशन भी होगा। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों से संबंधित योजनाओं को और गति देने के लिए महाअभियान शुरू करने जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग इस दौरान कई मेगा इवेंट आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा। मिशन शक्ति के चौथे चरण में 16 से 22 अक्टूबर तक जागरूकता सप्ताह का आयोजन होगा। 14 से 20 नवंबर तक महिला एवं बाल अधिकारों पर विभिन्न गतिविधियां जैसे नुक्कड़ नाटक व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसके अलावा, शक्ति संवाद के जरिए कन्या सुमंगला योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों के साथ सभी जिलाधिकारी अपने अपने जिलों में संवाद करेंगे।

### झूठ की राजनीति करती है कांग्रेस राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री डॉ. राजीव चंद्रशेखर ने कर्नाटक में ठेकेदार आर. अंबिकापति और पूर्व कांग्रेस पार्षद अश्वत्थम्मा के घर पर आयकर विभाग की छापेमारी में करोड़ो रुपए बरामद होने पर कांग्रेस पार्टी को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की गारंटी है- भ्रष्टाचार। कांग्रेस की सरकार कर्नाटक में भ्रष्टाचार का एटीएम बनकर जनता की गाढ़ी कमाई लूट रही है और तेलंगना सहित अन्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में खर्च कर रही है। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि ठेकेदार अंबिकापति के घर से कल शुक्रवार को इनकम टैक्स की छापेमारी में 42 करोड़ रुपए बरामद की गई।

सपने देखना सबसे शक्तिशाली उपकरण

# यूएस ने भेजे थे अपने जटिल रॉकेट मिशन के विशेषज्ञ.....

रामेश्वरम/ एजेंसी

अमेरिका में जटिल रॉकेट मिशन विकसित करने में शामिल विशेषज्ञों ने चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान की विकासात्मक गतिविधियों को देखने के बाद सुझाव दिया था कि भारत उनके साथ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी साझा करे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने रविवार को यह बात कही। यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि समय बदल गया है और भारत सर्वश्रेष्ठ उपकरण और रॉकेट बनाने में सक्षम है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोल दिया है। सोमनाथ आज दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति की 92वीं जयंती के मौके पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। इसरो प्रमुख ने कहा, हमारा देश एक बहुत शक्तिशाली राष्ट्र है। आप इसे जानते हैं? हमारा ज्ञान और खुफिया स्तर दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक है। उन्होंने बताया, चंद्रयान-3 में जब हमने अंतरिक्ष यान को डिजाइन और विकसित किया, तो हमने जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी, नासा-जेपीएल के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया, जो रॉकेट और सबसे कठिन मिशन करते हैं। उन्होंने कहा, 'नासा-जेपीएल के लगभग 5-6 लोग (इसरो मुख्यालय में) आए और हमने उन्हें चंद्रयान -3 के बारे में समझाया।

सूखे की मार झेल रहा देश का यह राज्य

# मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने केंद्र से मांगे 4860 करोड़ रुपये

**बेंगलुरु।** कर्नाटक इस समय सूखे की मार झेल रहा है। यही वजह है कि किसानों को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने केंद्र से 4860 करोड़ रुपये की मांग की है। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने रविवार को कहा कि इस साल सूखे की वजह से कर्नाटक के किसानों को 30 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य के 236 में से 216 तालुकों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। सिद्दरमैया ने ऐतिहासिक मैसूर दशहरा उत्सव के उद्घाटन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में 42 लाख हेक्टेयर फसल का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही किसानों को इस साल 30



हजार करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के मानदंडों के अनुसार हमने केंद्र सरकार से 4860 करोड़ रुपये की मांग की है। केंद्रीय टीम ने सूखा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है। राज्य सरकार ने पहले 195 तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित किया था।

मृतक की पत्नी ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

# विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व विधायक के बेटे की हत्या,भाजपा ने घेरा-पुलिस पर लगाया आरोप.........

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर घमासान के बीच धमतरी जिले के कुरूद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता की हत्या का मामला सामने आया है। रविवार की सुबह हत्या की खबर ने राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। मृतक भाजपा नेता कुरूद के पूर्व विधायक का बेटा था। घटना के बाद कुरुद थाना के बाहर भाजपाइयों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कुरूद विधानसभा क्षेत्र भाजपा विधायक अजय चंद्राकर का क्षेत्र है। इस बार भी यहां भाजपा की टिकट पर अजय चंद्राकर चुनाव लड़ रहे हैं। विधायक पुलिस संरक्षण में हत्या की बात कह रहे हैं। धमतरी पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को धमतरी के मरौद गांव में एक भाजपा नेता की हत्या कर दी गई है। रॉड और लाठी से लैस 8 से 10 लोगों ने सुबह भाजपा नेता चंद्रशेखर गिरी गोस्वामी के घर में घुसकर हमला किया। बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी पर भी लाठी डंडे बरसाए। घायल पति-पत्नी को धमतरी डीसीएच हॉस्पिटल के लिए रेफर किया गया, लेकिन चंद्रशेखर गिरी गोस्वामी की अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक की घायल पत्नी का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस के बड़े अधिकारी





कुरूद थाना पहुंचकर जांच कर रहे हैं। बता दें कि जिस चंद्रशेखर गिरी गोस्वामी की हत्या हुई है वह पूर्व विधायक सोमगिरी गोस्वामी का पुत्र है। विधायक अजय चंद्राकर ने सोशल मीडिया ङ्क पर लिखा- ''मेरे विधानसभा क्षेत्र कुरुद जिला धमतरी के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रशेखर गिरी की आज जघन्य हत्या कर दी गई। इसके पहले भी उनके ऊपर प्राण घातक हमला हुआ था पर पुलिस ने उन हमलावरों को आज तक गिरफ्तार नही किया था, अरारी-फरारी दिखाती रही। आगे चुनाव में पुलिस के संरक्षण में और भी हत्या हो सकती है। निष्पक्ष चुनाव के लिए स्क्क स्छ्ह्लक्क और कुरुद विधानसभा के सभी थानेदारों को हटाया जाए और सभी बूथ को अति संवेदनशील घोषित किया जाए।' हत्या की खबर के बाद पुलिस विभाग के बड़े अधिकारी कुरूद थाना पहुंचे हैं। थाना स्टाफ से पूरे मामले की जानकारी ली जा रही है। वहीं मृतक की घायल पत्नी अर्चना गोस्वामी ने पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।



# ऊर्जा का उत्सव

# नवरात्री

वर्ष के चार नवरात्रों में चैत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ की शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक नौ दिन के होते हैं, परंतु प्रसिद्धि में चैत्र और आश्विन के नवरात्र ही मुख्य माने जाते हैं। नवरात्र में देवी माँ के व्रत रखे जाते हैं। स्थान-स्थान पर देवी माँ की मूर्तियाँ बनाकर उनकी विशेष पूजा की जाती है। मान्यता है कि नवरात्र में महाशक्ति की पूजा कर श्रीराम ने अपनी खोई हुई शक्ति पाई, इसलिए इस समय आदिशक्ति की आराधना पर विशेष बल दिया गया है।

नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है नौ रातें। यह पर्व साल में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ, अश्विन, पोषप्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातो में तीन देवियों - महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वतीया सरस्वतीकि तथा दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हे नवदुर्गा कहते हैं। नौ देवियाँ है - श्री शैलपुत्री, श्री ब्रह्मचारिणी, श्री चंद्रघंटा, श्री कुष्मांडा, श्री स्कंदमाता, श्री कात्यायनी, श्री कालरात्रि, श्री महागौरी, श्री सिद्धिदात्री।

शक्ति की उपासना का पर्व शारदेय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम श्रीरामचंद्रजी ने इस शारदीय नवरात्रि पूजा का प्रारंभ समुद्र तट पर किया था और उसके बाद दसवें दिन लंका विजय के लिए प्रस्थान किया और विजय प्राप्त की । तब से असत्य, अधर्म पर सत्य, धर्म की जीत का पर्व दशहरा मनाया जाने लगा। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमश: अलग-अलग पूजा की जाती है। माँ दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियाँ देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं । नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। नवदुर्गा और दस महाविधाओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दस महाविधाएँ अनंत सिद्धियाँ प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं।

## प्रमुख कथा

लंका-युद्ध में ब्रह्माजी ने श्रीराम से रावण वध के लिए चंडी देवी का पूजन कर देवी को प्रसन्न करने को कहा और बताए अनुसार चंडी पूजन और हवन हेतु दुर्लभ एक सौ आठ नीलकमल की व्यवस्था की गई। वहीं दूसरी ओर रावण ने भी अमरता के लोभ में विजय कामना से चंडी पाठ प्रारंभ किया। यह बात इंद्र देव ने पवन देव के माध्यम से श्रीराम के पास पहुँचाई और परामर्श दिया कि चंडी पाठ यथासभंव पूर्ण होने दिया जाए। इधर हवन सामग्री में पूजा स्थल से एक नीलकमल रावण की मायावी शक्ति से गायब हो गया और राम का संकल्प टूटता-सा नजर आने लगा। भय इस बात का था कि देवी माँ रुष्ट न हो जाएँ। दुर्लभ नीलकमल की व्यवस्था तत्काल असंभव थी, तब भगवान राम को सहज ही स्मरण हुआ कि मुझे लोग कमलनयन नवकंच लोचन कहते हैं, तो क्यों न संकल्प पूर्ति हेतु एक नेत्र अर्पित कर दिया जाए और प्रभु राम जैसे ही तूणीर से एक बाण निकालकर अपना नेत्र निकालने के लिए तैयार हुए, तब देवी ने प्रकट हो, हाथ पकड़कर कहा- राम मैं प्रसन्न हूँ और विजयश्री का आशीर्वाद दिया। वहीं रावण के चंडी पाठ में यज्ञ कर रहे ब्राह्मणों की सेवा में ब्राह्मण बालक का रूप धर कर हनुमानजी सेवा में जुट गए। नि:स्वार्थ सेवा देखकर ब्राह्मणों ने हनुमानजी से वर माँगने को कहा। इस पर हनुमान ने विनम्रतापूर्वक कहा- प्रभु, आप प्रसन्न हैं तो जिस मंत्र से यज्ञ कर रहे हैं, उसका एक अक्षर मेरे कहने से बदल दीजिए। ब्राह्मण इस रहस्य को समझ नहीं सके और तथास्तु कह दिया। मंत्र में जयादेवी... भूर्तिहरिणी में ह के स्थान पर क उच्चारित करें, यही मेरी इच्छा है। भूर्तिहरिणी यानी कि प्राणियों की पीड़ा हरने वाली और करिणी का अर्थ हो गया प्राणियों को पीड़ित करने वाली, जिससे देवी रुष्ट हो गईं और रावण का सर्वनाश करवा दिया। हनुमानजी महाराज ने श्लोक में ह की जगह क करवाकर रावण के यज्ञ की दिशा ही बदल दी।

## अन्य कथाएं

इस पर्व से जुड़ी एक अन्य कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। और प्रत्याशित प्रतिफल स्वरूप महिषासुर ने नरक का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए हैं और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा है। तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की। ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गई थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्तत: महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं।

## निर्माणाधीन मूर्तियां

चौमासे में जो कार्य स्थगित किए गए होते हैं, उनके आरंभ के लिए साधन इसी दिन से जुटाए जाते हैं। क्षत्रियों का यह बहुत बड़ा पर्व है। इस दिन ब्राह्मण सरस्वती-पूजन तथा क्षत्रिय शस्त्र-पूजन आरंभ करते हैं। विजयादशमी या दशहरा एक राष्ट्रीय पर्व है। अर्थात आश्विन शुक्ल दशमी को सायंकाल तारा उदय होने के समय विजयकाल रहता है। यह सभी कार्यों को सिद्ध करता है। आश्विन शुक्ल दशमी पूर्वविद्धा निषिद्ध, परविद्धा शुद्ध और श्रवण नक्षत्रयुक्त सूर्योदयव्यापिनी सर्वश्रेष्ठ होती है। अपराह्न काल, श्रवण नक्षत्र तथा दशमी का प्रारंभ विजय यात्रा का मुहूर्त माना गया है। दुर्गा-विसर्जन, अपराजिता पूजन, विजय-प्रयाग, शमी पूजन तथा नवरात्र-पारण इस पर्व के महान कर्म हैं। इस दिन संध्या के समय नीलकंठ पक्षी का दर्शन शुभ माना जाता है। क्षत्रिय/राजपूतों इस दिन प्रात: स्नानादि नित्य कर्म से निवृत्त होकर संकल्प मंत्र लेते हैं। इसके पश्चात देवताओं, गुरुजन, अस्त्र-शस्त्र, अश्व आदि के यथाविधि पूजन की परंपरा है।




# नवरात्रि के चमत्कारिक दिव्य मंत्र

वर्तमान में मनुष्य ने अपने जीवन को इतनी आवश्यकताओं से घेर लिया है कि वह उनमें ही उलझा रहता है। ऐसे मनुष्यों के लिए समस्याओं को हल करने के लिए सरलतम मंत्र दे रहे हैं। जो नवरात्रि में करने से सफलता मिलती है एवं समस्या से छुटकारा मिलता है। ऐसे पावन नौ दिनों के लिए दिव्य मंत्र दिए जा रहे हैं, जिनके विधिवत परायण करने से स्वयं के नाना प्रकार के कार्य व सामूहिक रूप से दूसरों के कार्य पूर्ण होते हैं। इन मंत्रों को नौ दिनों में अवश्य जाप करें। इनसे यश, सुख, समृद्धि, पराक्रम, वैभव, बुद्धि, ज्ञान, सेहत, आयु, विद्या, धन, संपत्ति, ऐश्वर्य सभी की प्राप्ति होती है। विपत्तियों का नाश होगा।

### विपत्ति-नाश के लिए

शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे।
सर्वस्यापहरे देवि नारायणि नमोस्तुते।।

### भय नाश के लिए

सर्वस्वरूपे सर्वेश सर्वशक्तिसमन्विते।
भयेभ्यस्त्राहि नो देवि, दुर्गे देवि नमोस्तुते।।

### पाप नाश तथा भक्ति की प्राप्ति के लिए

नमेभ्य सर्वदा भक्त्या चण्डिके दुरितापहे।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि।।

### हर प्रकार के कल्याण के लिए

सर्वमंगल्यमांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोस्तुते।।

### धन, पुत्रादि प्राप्ति के लिए

सर्वबाधाविनिर्मुक्तो-धनधान्यसुतान्वित
मनुष्यों मत्प्रसादेन भविष्यति न संशय।।

### रक्षा पाने के लिए

शूलेन पाहि नो देवि पाहि खंडे न चाम्बिके।
घण्टास्वनेन न पाहि चापज्यानि स्वनेन च।।

### मोक्ष की प्राप्ति के लिए

त्वं वैष्णवी शक्तिरन्तवीर्या।
विश्वस्य बीजं परमासि माया।
सम्मोहितं देवि समस्तमेत
त्वं वै प्रसन्ना भूवि मुक्ति हेतु।।

### बाधा व शांति के लिए

सर्वबाधाप्रमशन त्रैलोक्याखिलेश्वरि।
एवमेव त्वया कार्यमस्यद्वैरिविनाशन्नम।।

### सुलक्षणा पत्नी की प्राप्ति के लिए

पत्नी मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम
तारिणी दुर्गसंसारसागरस्य कुलोद्भवाम।।



### नौ दिन कैसे करें

# कन्या-पूजन

नवरात्रि यानी सौन्दर्य के मुखरित होने का पर्व। नवरात्रि यानी उमंग से खिल-खिल जाने का पर्व। कहते हैं, नौ दिनों तक दैवीय शक्ति मनुष्य लोक के भ्रमण के लिए आती है। इन दिनों की गई उपासना-आराधना से देवी भक्तों पर प्रसन्न होती है। लेकिन पुराणों में वर्णित है कि मात्र श्लोक-मंत्र-उपवास और हवन से देवी को प्रसन्न नहीं किया जा सकता। इन दिनों 2 से लेकर 5 वर्ष तक की नन्ही कन्याओं के पूजन का विशेष महत्व है। नौ दिनों तक इन नन्ही कन्याओं को सुंदर गिफ्ट्स देकर इनका दिल जीता जा सकता है। इनके माध्यम से नवदुर्गा को भी प्रसन्न किया जा सकता है। पुराणों की दृष्टि से नौ दिनों तक कन्याओं को एक विशेष प्रकार की भेंट देना शुभ होता है।



- प्रथम दिन इन्हें फूल की भेंट देना शुभ होता है। साथ में कोई एक श्रृंगार सामग्री अवश्य दें। अगर आप मां सरस्वती को प्रसन्न करना चाहते है तो श्वेत फूल अर्पित करें। अगर आपके दिल में कोई भौतिक कामना है तो लाल पुष्प देकर इन्हें खुश करें। (उदाहरण के लिए : गुलाब, चंपा, मोगरा, गेंदा, गुड़हल)
- दूसरे दिन फल देकर इनका पूजन करें। यह फल भी सांसारिक कामना के लिए लाल अथवा पीला और वैराग्य की प्राप्ति के लिए केला या श्रीफल हो सकता है। याद रखें कि फल खट्टे ना हो।
- तीसरे दिन मिठाई का महत्व होता है। इस दिन अगर हाथ की बनी खीर, हलवा या केशरिया चावल बना कर खिलाए जाएं तो देवी प्रसन्न होती है।
- चौथे दिन इन्हें वस्त्र देने का महत्व है लेकिन सामर्थ्य अनुसार रूमाल या रंगबिरंगे रीबन दिए जा सकते हैं।
- पांचवे दिन देवी से सौभाग्य और संतान प्राप्ति की मनोकामना की जाती है। अत: कन्याओं को पांच प्रकार की श्रृंगार सामग्री देना अत्यंत शुभ होता है। इनमें बिंदिया, चूड़ी, मेहंदी, बालों के लिए क्लिप्स, सुगंधित साबुन, काजल, नेलपॉलिश, टैल्कम पावडर इत्यादि हो सकते हैं।
- छठे दिन बच्चियों को खेल-सामग्री देना चाहिए। आजकल बाजार में खेल सामग्री की अनेक वैरायटी उपलब्ध है। पहले यह रिवाज पांचे, रस्सी और छोटे-मोटे खिलौनों तक सीमित था। अब तो ढेर सारे विकल्प मौजूद है।
- सातवां दिन मां सरस्वती के आह्वान का होता है। अत: इस दिन कन्याओं को शिक्षण सामग्री दी जानी चाहिए।

## सार-समाचार

### शुबी शेख का एमबीबीएस हुआ पूर्ण मिला बधाई



**बिलासपुर :-** शासकीय हाई स्कूल टेकर की प्राचार्या नसीम बेगम की सुपुत्री शुबी शेख पिता अब्दुल कलीम एमबीबीएस कंप्लीट होने के बाद लगा जॉब तखतपुर क्षेत्र के ग्राम अमसेना में पदस्थ हुई है। शासकीय हाई स्कूल टेकर के समस्त स्टाफ सहित परिवार जन बधाई शुभकामनाएं व्यक्त किये है। जिसमें अब्दुल शाहिम खान, अर्शी सिद्दीकी, समीम, समीर, नासिर, जावेद, शाहिद, नेहा, परवीन, आयसा, आकिब, अहद, वाहिद एवं अरहम हैं।

### मतदान दलों का प्रशिक्षण 16 अक्टूबर से बिलासपुर में प्रशिक्षण स्थल में परिवर्तन

**भारत भास्कर/ बिलासपुर :-** 15 अक्टूबर 2023 को जिला मुख्यालय बिलासपुर में आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण स्थल में परिवर्तन किया गया है। बेलतरा एवं बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पूर्व में बिलासपुर के ब्रजेश हिन्दी एवं इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से अब बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद स्कूल (लाल बहादुर शास्त्री स्कूल) शनिचरी बाजार एवं बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वामी आत्मानंद मल्टीपर्पस स्कूल दयालबंद में आयोजित होगा। बेलतरा का प्रशिक्षण 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक और बिलासपुर का प्रशिक्षण 16 एवं 17 अक्टूबर तक चलेगा। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण प्रशिक्षण सत्र में शामिल होंगें। उन्होंने सभी मतदान दलों को संजीदगी के साथ प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा बिल्हा, तखतपुर, मस्तूरी एवं कोटा विधानसभा क्षेत्रों के लिए विकासखण्ड मुख्यालयों में भी 16 से 18 अक्टूबर तकप्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### कलेक्टर-एसपी ने किया इव्हीएम वेयर हाऊस का निरीक्षण

#### जिला कार्यालय में चुनाव संबंधी काम-काज का लिया जायजा



**भारत भास्कर/ बिलासपुर :-** 14 अक्टूबर 2023 को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के साथ जिला कार्यालय परिसर स्थित इव्हीएम वेयर हाऊस का निरीक्षण किया। विधानसभा चुनाव में उपयोग में आने वाली इव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनें यहां सुरक्षित रखी गई हैं। उन्होंने उप जिला निर्वाचन कार्यालय, एमसीएमसी, नियंत्रण कक्ष सहित अन्य चुनावी तैयारियों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने नियंत्रण कक्ष को मिल रही शिकायतों एवं इनके निराकरण की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। उन्होंने शिकायतों का तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कार्यालय में नामांकन के लिए की जारी तैयारियां भी देखी। जिले की सभी छहों विधानसभा क्षेत्र के लिए जिला कार्यालय में ही नामांकन स्वीकार किये जाएंगे। इसके लिए अलग-अलग कमरों में तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने सभी कमरों का अवलोकन कर नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। बिलासपुर जिले में दूसरे चरण में 17 नवम्बर को मतदान होगा । इसके लिए 21 अक्टूबर से नामांकन लिए जाएंगे। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, एडीएम आरए कुरूवंशी, अपर कलेक्टर शिव बनर्जी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### इस बार गेम नहीं होगा सबके लिए सेम टू सेम'

**रायपुर।** टेलीविज़न की दुनिया में मनोरंजन का उत्सव वापस आ गया है क्योंकि कलर्स अपने कल्ट रियलिटी शो - बिग बॉस के नवीनतम संस्करण को शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इन सालों में, इस शो ने देश के लाखों दर्शकों को आकर्षित किया है, जिससे यह एक घरेलू नाम और वार्षिक मनोरंजन की आदत बन गया है। दर्शकों की संख्या के रिकॉर्ड तोड़ने के बाद, शो के पिछले सीज़न ने टेलीविज़न पर राज किया, सोशल मीडिया के संवादों पर हावी रहा, और कुछ बेहतरीन पल जनता की यादों में अमर हो गए। इस साल, शो ने अपने नए संस्करण में घर के मास्टर के दिल, दिमाग और दम को कैप्चर करते हुए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब तक दर्शकों ने 'बिग बॉस' को सही तरीके से न्याय करते और सभी प्रतियोगियों के साथ समान व्यवहार करते हुए देखा है, लेकिन इस बार वह अपने पसंदीदा लोगों का समूह चुनेगा। घर का मास्टर उन लोगों के साथ तालमेल बिठाएगा जो अपने दिल से खेलते हैं, उन लोगों पर ध्यान देगा और उनका मार्गदर्शन करेगा जो रणनीतिक दिमागी खेल खेलते हैं और साहसी लोगों की सराहना करेगा।

---

#### चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप निष्पक्षता पूर्वक काम करने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने चार्ज लेने के तत्काल बाद ली अफसरों की बैठक

**शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता**

**आयोग के दिशा-निर्देशों को अच्छी तरह से पढ़ें अफसर : कलेक्टर**



**बिलासपुर :-** 14 अक्टूबर 2023 को जिले के नये कलेक्टर अवनिश शरण ने चार्ज लेने के तत्काल बाद मंथन सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सबसे पहले सभी अधिकारियों से परिचय एवं उन्हें सौंपे गये कार्यो की जानकारी प्राप्त किया। कलेक्टर ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा से जुड़े हर काम को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना फिलहाल जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारी तनावमुक्त होकर निष्पक्षता के साथ सौंपे गये दायित्व को समयसीमा में अंजाम दें। उन्होंने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पुलिस विभाग की तैयारियों की भी जानकारी ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल सहित विधानसभा चुनाव संबंधी विभिन्न कार्यो के लिए जिम्मेदार नोडल अफसर भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री शरण ने कहा कि चुनाव संबंधी हर प्रकार के काम-काज के लिए चुनाव आयोग के निर्देश बहुत ही स्पष्ट एवं पारदर्शी हैं। जरूरत यह कि हमें इसकी अच्छी तरह ज्ञान होनी चाहिए। यह तभी संभव है जब सभी अधिकारी चुनाव आयोग की पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ें। इसके बावजूद भी कोई शंका है तो वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराना एक बड़ा एवं चुनौतीपूर्ण काम है। हम सब टीम वर्क के साथ काम कर सफलता के साथ संपन्न होगा। कलेक्टर ने बैठक में कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगे काफी त्योहार हैं। इनमें काफी चहल-पहल रहेगी। चुनाव प्रचार भी तेज हो जायेगा। उन्होंने एसएसटी एवं फ्लाईंग स्क्वायड टीम को बड़ी मुस्तैदी से काम करने की अपेक्षा की। उन्होंने प्रस्तुतीकरण के जरिए विधानसभा चुनाव तैयारी की कार्य-योजना को समझा और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने नामांकन भरने से लेकर चुनाव परिणाम तक चुनाव आयोग के निर्देश एवं अपेक्षा से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने मतदान केन्द्रों की तैयारी की भी जानकारी ली। मतदाताओं की सुविधा के लिए बिजली एवं पानी का इंतजाम अनिवार्य से होने चाहिए। कई केन्द्रों में रात तक वोटिंग चलती है, इसलिए यथासंभव पॉवर बैकअप की भी व्यवस्था हो। उन्होंने मतदान केन्द्रों में आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप तमाम मरम्मत कार्य पूर्ण कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने कानून व्यवस्था के लिए पुलिस एवं मजिस्ट्रेट को एक साथ दौरा करने के निर्देश दिए ताकि इसका अच्छा प्रभाव पड़े। उन्होंने चुनाव संबंधी प्रशिक्षण सत्र को अच्छे तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नियम-कायदों को केवल अफसर को जानना पर्याप्त नहीं है। उनके मातहत काम करने वाले कर्मचारियों को भी पूरी तरह जानकारी होने चाहिए। क्योंकि व्यावहारिक रूप से मैदानी स्तर पर काम तो उनसे लेना है। बैठक में अपर कलेक्टर आर.ए कुरूवंशी, शिवकुमार बनर्जी सहित सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे।

---

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया स्ट्राँग रूम का निरीक्षण



**मतगणना कक्ष व मतदान सामग्री वितरण कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

**सुरक्षा व्यवस्था व वाहनों के पार्किंग के संबंध में दिए निर्देश**

**नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारियों का लिया जायजा**

**जांजगीर-चांपा/** आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने आज शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज जांजगीर स्थित स्ट्राँग रूम के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने निर्वाचन के लिए सुविधाओं और सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ईवीएम को रखने के लिए तैयार किए जा रहे स्ट्राँग रूम का निरीक्षण करते हुए, सामग्री वितरण के लिए आवश्यक मूवमेंट के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मतदान पश्चात आने वाली सामग्रियों को रखने संबंधी चर्चा भी की। मौके पर उन्होंने मतगणना कक्ष का भी निरीक्षण किए। उन्होंने मतदान दलों, ऑपरेटर एवं पुलिस फोर्स के रुकने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने शौचालय, वाशरूम, बिजली, बैरिकेडिंग, सीसी टीव्ही कैमरा, साइन बोर्ड, इंटरनेट, ग्राउंड की साफ-सफाई एवं सभी आधारभूत व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान दलों के विधानसभावार वाहन पार्किंग व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए जगह का निरीक्षण कर अधिकारियों को पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारियों की जानकारी लेते हुए नामांकन कक्षों का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती लाविना पांडेय, अपर कलेक्टर श्री गुड्डु लाल जगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, पीडब्ल्यूडी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# ब्रलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में स्वास्थ्य जांच, कानूनी जागरूकता एवं परामर्श सेमीनार संपन्न



**जांजगीर-चांपा।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के संचालक श्री आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनांक- 14 अक्टूबर 2023 को स्वास्थ्य जांच, परामर्श और विधिक जागरूकता सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को कानूनी जागरूकता, परामर्श, की जानकारी दी गई। जिसमें सर्वप्रथम श्री अजय मिश्रा सीनियर डेवेलपमेंट आफ्सिर के द्वारा बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति जागरूकता से संबंद्धित निर्देशन दिया गया। उसके बाद डॉ किरनपाल सिंह चावला (एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर, कैरियर प्वाइन्ट) के द्वारा बच्चों के कैरियर से संबंधित तथा मानसिक विचारों को संयमित करने का निर्देशन दिया, जिसमें उन्होंने प्रेरणा दायक वाक्य 'हार्ड वर्क बीट्स टैलेन्ट डज.न्ट वर्क हार्ड' का संदेश बच्चों को दिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी को बढ़ाते हुए डॉ. अनिल यादव (सीनियर कन्सल्टेंट अपोलो हास्पिटल बिलासपुर) ने मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यवहारिक विज्ञान पर परिचर्चा एवं परामर्श दिया। श्री अजय जाडे (प्रबंधक अपोलो हास्पीटल, कम्यूनीटी कनेक्ट और प्रमोशन आफपी.एच.सी.) ने बच्चों को परीक्षा से संबंधित तनाव को दूर करने तथा हर कठिन परिस्थितियों में अपने आप को नियंत्रित करने का तकनीकी ज्ञान दिया। इसी कड़ी में जिला विधिक प्राधिकरण सेवा जांजगीर चाम्पा से डॉ. इन्दु साधवानी व श्रीमती उषा सान्डिल्य (जस्टिस बोर्ड मेंबर्स) ने बच्चों को विधिक संबंधी सलाह तथा मौलिक अधिकारों के विषय में बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं साथ ही उनके मन में उठने वाले बाल अपराध संबंधी समस्याओं का सही मार्गदर्शन किया। इसके बाद शाला प्रांगण में ही क्रिश्चियन मिशन हास्पिटल चाम्पा से डॉ. जेम्स, डॉ. फिलिक्स, डॉ. ऐमी, श्री एस. के मूर्मू, अनीता पटेल, शांतनु दास द्वारा बच्चों के ऑख दांत एवं कान से संबंधित समस्याओं का परीक्षण किया गया।, वेदान्ता हास्पिटल से दन्त चिकित्सक डॉ. दीपक अग्रवाल एवं डॉ. मेघा अग्रवाल ने सभी बच्चों के दांतों की जांच की। आयुर्वेदा हास्पिटल के चिकित्सक डॉ. संजय खरे, डॉ. विद्या कुमारी, डॉ. विजय आनंद बघेल, डॉ. अभिषेक जाटवार, श्रीमती सरिता चतुर्विदाही, श्री कमल नारायण कुर्रे, श्री कन्हैया लाल साहू, श्री शेष बाई हरवंश के द्वारा सफलता पूर्वक सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों का शारीरिक परीक्षण किया तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही संस्था में आये हुए पालकों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शारीरिक एवं विधिक जानकारी प्राप्त कर शाला के समस्त विद्यार्थी उल्लास से भर गये। कार्यक्रम के अंत में आये हुए अतिथियों का प्रतीक चिन्ह के द्वारा सम्मान किया गया, तथा संस्था की प्राचार्या द्वारा इस कायक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, एडमिन कर्मचारियों तथा ग्राउन्ड लेवल स्टाफका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

---

# मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायाधीशों को नेशनल लोक अदालत 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु किया गया सम्मानित

**भारत भास्कर**





**बिलासपुर :-** 14 अक्टूबर 2023 को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के द्वारा छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सहयोग से दिनांक 14-10-2023 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ऑडिटोरियम में समस्त जिलों के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष एवं सचिव, फैमिली कोर्ट के न्यायाधीश, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष, कार्मिशियल कोर्ट के न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं नामांकित न्यायिक अधिकारीगण हेतु वर्ष 2023 में अब तक आयोजित नेशनल लोक अदालतों में न्यायिक अधिकारियों के द्वारा किये गये उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उनके कार्यो के मूल्यांकन हेतु राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक माननीय न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रदर्शन एवं मूल्यांकन के संबंध में आयोजित इस प्रथम राज्य स्तरीय बैठक की बधाई देते हुए कहा कि लोक अदालत की अवधारणा गांधी जी के आदर्शो पर आधारित है, एवं भारतीय सविधान के अनुच्छेद 39ए को पूरा करता है। लोक अदालत भारतीय इतिहास में वैकल्पिक विवाद समाधान के माध्यम के रूप में ग्रामीण स्तर पर पूर्व से पंचायत कार्य प्रणाली में आपसी बातचीत एवं मध्यस्थता के रूप में प्रचलित रहा है, और इस कार्य को आज हमारे न्यायिक अधिकारीगण बहुत अच्छे से कर रहे हैं। उन्होंने नेशनल लोक अदालत के प्रति पीठासीन अधिकारियों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए आगामी नेशनल लोक अदालत 09-12-2023 को और अधिक प्रकरणों का निराकरण करने हेतु प्रेरित किया, ताकि लोक अदालत का लाभ अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम का स्वागत उदबोधन करते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष माननीय श्री न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने कहा कि-न्यायाधीश स्वयं अपने कार्यो का मूल्यांकन करें, न्यायालयों में अत्यधिक संख्या में राजीनामा योग्य प्रकरण लंबित है, जिसे लोक अदालत के माध्यम से निराकृत करने में न्यायाधीशगण का प्रयास सराहनीय रहा है। न्यायिक अधिकारी को अपने कार्य से स्वयं संतुष्ट होना आवश्यक है। लंबित मामलों के साथ साथ लगभग 10 लाख प्री-लिटिगेशन के प्रकरणों को भी लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया गया है, जिससे यह दर्शित होता है कि उक्त मामलों को न्यायालय में संस्थित होने से पहले ही निराकृत किया गया है, जो कि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही न्यायिक अधिकारीगण द्वारा मीडियेशन के माध्यम से भी मामलों को निराकृत किये जा रहे हैं, जो एक सराहनीय प्रयास है। पक्षकार न्याय की आस में न्यायालय आता है, इसलिये पीड़ित पक्षकार को शीघ्र व सुलभ न्याय मिले, इस कार्य में लोक अदालत की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसे न्यायाधीशगण पूर्ण जिम्मेदारी के साथ पूरा कर रहे हैं।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल ने कहा कि-निश्चित तौर पर लोक अदालत प्रकरणों के निराकरण का एक सरल एवं सशक्त माध्यम है। रायपुर, दुर्ग जैसे बड़े शहरों में अत्यधिक संख्या में प्रकरण लंबित रहते हैं, जिसमें मोटर दुर्घटना एवं एनआई एक्ट में चेक अनादरण के मामले अधिक होते है, जिसे लोक अदालत के माध्यम से आसानी से आपसी समझाईस से निराकृत किये गये हैं जो लोक अदालतों की सफलता को दर्शाता है और इसमें न्यायाधीशों का सहयोग प्रशंसनीय है।

माननीय मुख्य न्यायाधीश महोदय के द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम में वर्ष 2023 में अब तक आयोजित नेशनल लोक अदालतों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों के जिला न्यायाधीशों/अध्यक्ष एवं फैमिली कोर्ट के न्यायाधीश को प्रतीक चिन्ह एवं समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में माह फरवरी, मई एवं सितम्बर में आयोजित नेशनल लोक अदालतों में निराकृत प्रकरणों की संख्या के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, कुटुम्ब न्यायालय के जिलों द्वारा सर्वाधिक निराकृत प्रकरण वाले जिले तथा अत्याधिक सफलता औसत अनुसार वाले जिले को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विधिक सेवा गतिविधियों के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु प्राधिकरण के सदस्य सचिव श्री आनंद प्रकाश वारियाल को मुख्य न्यायाधीश के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनसे भविष्य में ऐसे ही कार्य करते रहने की अपेक्षा की गई।

उक्त अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति पीपी साहू, माननीय श्रीमती न्यायमूर्ति रजनी दुबे, माननीय न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास, माननीय न्यायमूर्ति नरेश कुमार चन्द्रवंशी, माननीय न्यायमूर्ति दीपक कुमार तिवारी, माननीय श्री न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत, माननीय न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय, माननीय न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल, उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री से रजिस्ट्रार जनरल अरविंद कुमार वर्मा, एवं रजिस्ट्री के न्यायिक अधिकारीगण, राज्य न्यायिक एकेडेमी की डायरेक्टर श्रीमती सुषमा सावंत एवं एकेडेमी के न्यायिक अधिकारीगण, तथा प्रदेश भर के लगभग 280 न्यायिक अधिकारी जिनमें कि जिला न्यायालय बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग के सभी न्यायिक अधिकारीगण एवं अन्य जिलों के नामांकित न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव श्री आनंद प्रकाश वारियाल एवं मंच संचालन उप सचिव श्री गिरीश कुमार मंडावी एवं ऐश्वर्या दीवान न्यायाधीश के द्वारा किया गया।

# शक्ति की आराधना में चूक से माता नही सुनती पुकार !

**स्वदेश तिवारी, स्थानीय संपादक**



आज जिस तरह नवरात्रि में नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूपों को 9 दिनों के लिए हरेक नगर, गाँव, मोहल्ले, कसवे आदि हजारो स्थानों पर प्राणप्रतिष्ठित करने का उत्साह दिखाई देता है, उसे हम सृष्टि का संचालन करने वाली जगन्माता के प्रति अपनी भक्ति का स्वरूप ओर माता के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शन के साथ अभिवांछित विषयों की सिद्धि अर्थात भौतिक कल्याण की प्राप्ति के साथ जोड़ते है यह प्रसन्नता की बात है किन्तु वृहदस्तर पर समूचे देश के करोड़ों भक्तों की यह आराधना कही फलित होते नहीं दिखती । जगजननी माँ के जिस स्वरूप का जो मूल स्वरूप है जिसमे उनके द्वारा धारण किए जाने वाले शस्त्र, उनकी सवारी, सिंह, असुर, भैसा आदि के साथ उनके आभूषण, उनकी भुजाए, भुजाओं में जिस हाथ में जो शस्त्र हो,उसमें शस्त्र ओर जिसमें शंखपुष्प हो उसमें वही धारण कराने की चूक भी आराधक के लिए अमंगलकारी हो जाती है जो सामान्य चूक में हम विस्मृत करते है वह गंभीर चूक अहितकर होती है। ब्रम्हपुराण ने देवी की आराधना में अर्ध, नेवेघ्य एवं पूजा के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले पात्रों- बर्तनों का उल्लेख करते हुये लिखा है कि वे सुवर्ण, रजत, ताम्र, काष्ठ, मूत्तिका, प्रस्तर, रत्न प्रभूति से निर्मित हो ओर उसमें मांगलिक तथा शुभ्रप्रद रेखाए अंकित कि गई है, जबकि हम इसके विपरीत स्टील के बर्तनों का प्रयोग देखते है जो हमारी आराधना में हमारी भक्ति की पुकार जगतमाता तक भेजने में सफल नही हो पाते।

हर साल हमारे सभी आराध्यों के साथ श्रीराम, श्रीकृष्ण, गणेश काली, दुर्गा भक्ति चरम पर होने के बाद भी हमारे कष्ट दूर होने की जगह बढ़ते जा रहे है, आखिर क्यों ? कुछ तो कारण है जिन्हे सभी धर्माचार्यों को संज्ञान में लेना चाहिए, कही धर्म परंपरा के निर्वहन में इसी तरह की कोई चूक तो नहीं जो हमारे कष्टों के निवारण के बजाय हमें हर बार कष्ट ओर समस्या के बढ़ा रहे हो, हमारे पूर्वज राजाओं की इन बातों पर दृष्टि रही है ओर वे इसके समाधान के कारण तलाशकर अपनी प्रजा का हित संवर्धन में जुट जाते थे पर आज के दौर में सरकारें है वे बधिया बैल या सांड की तरह हो गई जो प्रजाहितों के विपरीत निजी तौर पर प्रजा को भारवाहक बनाकर न उनको काम देना चाहती है ओर न ही उनका घर बसाना चाहती है, जबकि उनकी धारणा खुद के दायरे में कुछेक को समेट कर उनकी जरूरतों को पूरा कर उन्हे अपने वर्तुल में मानसिक दिवालियापन बनाने की है। ऐसे में प्रजा राजा के बजाय भगवान भरोसे हो गई ओर भक्ति शक्ति में देवी-देवताओं की शरण में पहुँच गई किन्तु वहाँ भी वह अज्ञानतावश मझदार में है ओर उनका पुरुषार्थ सरकारों के प्रति अपने अधिकारों के लिए बगावत करने की बजाय देवी शक्ति से अपने मनोरथ पूरा कराना है जो आधे अधूरे ज्ञान- भक्ति से संभव होता नही दिखा ।

मनोरथ पूरे कैसे हो ? हमने मनोरथ पूरा करने के लिए देवी को अपने नियंत्रण में लाने का सरल मार्ग के रूप में 9 दिनों की नवरात्रि के व्रत पूजा भक्ति को अपना लिया है ओर जगह जगह देवी के विभिन्न स्वरूपों को प्राणप्रतिष्ठित कर उनकी आराधना शुरू कर दी। मत्स्य पुराण में मातृचक्र में वर्णित माताओं के स्वरूपों में ब्रम्हचारिणी, शैलपुत्री, सिद्धिदात्री, चंद्रघंटा,महागौरी, कात्यायनी, कालरात्रि, कुष्मांडा एवं स्कन्दमाता सहित सर्वमंगला, चंडी ब्रम्हार्णी, माहेश्वरी, कौमारी,वैष्णवी,वाराही, इंद्राणी, योगेश्वरी, चामुंडा, शिवा, कालिका, दुर्गा, काली, ,छिन्नमस्तिका आदि अनेक विभिन्न दिव्य स्वरूपो के दिव्यता ने हमे उनकी उपासना के लिए प्रेरित किया ओर हम उनका आव्हान कर जाग गए पर यह बिडंबना ही कहेंगे कि मनुष्य होने के नाते हमारे अंदर की दिव्यता से हम परिचित न हो सके कि प्रकृति का एक रूप दयालु है तो दूसरे रूप में निर्मम है, जो हम मनुष्यों के भीतर भी छुपा हुआ है। दयालु रूप माता का है, जो उदारता का प्रतीक ज्ञान, समृद्धि,शक्ति देने के साथ जगत की रचना में जन्मदात्री माता बन अपनी संतान का पालन करती है तो वही शक्ति के रूप में अभय प्रदान कर सभी विघ्नों को दूर करती है तब देश में शक्ति आराधना के इस पर्व में करोड़ो लोग एक साथ साधनारत रहकर देश,समाज ओर घरों में सुख शांति, वैभव से वंचित क्यो है ?

2 बार नवरात्रि का पर्व चैत्र ओर शारदीय दुर्गापूजन कि विधि को हम एक साल में पूर्ण श्रद्धा ओर भक्ति से मनाते है ओर कुछ भक्त गुप्त नवरात्रि के प्रति भी अपनी भक्ति को जारी रखते है। हम अपने आराध्य देव या देवी के प्रति भक्ति कर शक्ति प्राप्त करे यह सहज ओर सरल युक्ति है किन्तु हमारी युक्ति में त्रुटिया समाविष्ट हो जाये तो निश्चित रूप से इसके भयाभय परिणाम भी आएंगे, भले हमारे चर्मचक्षु इसे न देख पाये। तो क्यों न हम धर्ममार्ग के अनुसरण में जाने अनजाने होने वाली इन त्रुटियों कि ओर भी अपनी दृष्टि डाले ताकि इसकी पुनरावृत्ति से बचकर हम सन्मार्ग पर अपनी भक्ति का पुण्यफल प्राप्त कर सके । यह विचारणीय है कि जब भी कोई व्यक्ति अपने-परिवार के लिए सुख शांति ओर वैभव की संकल्पना को ध्यान में रखकर अपना आवास बनाता है तो वह सबसे पहले उचित स्थान का चयन करेगा, चयनित स्थान की सभी दिशाओं के वास्तुदोषों को देखेगा ओर दोष होने पर उनके निवारण आदि सभी महत्वपूर्ण बातों को विशेषज्ञों से जांच परख कर उचित मार्गदर्शन में ही निज निवास की नीव डालने से भवन के आकार को सम्पूर्णता प्रदान करेगा। जब वह खुद के लिए इतने सारी प्रक्रियाओ से एकाकार होता है तब प्रश्न उठता है कि वही व्यक्ति नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की भक्ति करते समय उन्हे 9 दिन के लिए स्थापित करने से पूर्व इन सारी बातों के लिए अपनी आंखे क्यों बंद कर लेता है की हमे भी माता के लिए उचित स्थान, उचित दिशा, उचित मंडप, उचित तोरण द्वार आदि वास्तुशास्त्र के दिशा निर्देश से बनाकर माँ को आमंत्रित कर स्थापित करना चाहिए ताकि पूजा हेतु स्थापित स्वरूप आपको यश, प्रतिष्ठा, सौन्दर्य, वैभव आदि सभी सहज ओर सरलता से भक्ति के बदले दिला दे ओर भक्ति की बयार से देश,प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति की दिशा ओर दशा परिवर्तित हो जाये। परंतु ऐसा दिखता नहीं जिसका कारण है जिन पंडित-पुजारियों को धर्मज्ञान का संचार कर उचित मार्गदर्शन करना होता है वे भी पुजापाठ की दक्षिणा के आगे खामोश हो जाते है ओर उनकी चतुराई अपने पांडित्य को कर्मानुष्ठान से सिद्ध कर दुर्गोत्सवपद्धति में धर्मशास्त्रीय व्यवस्था को चोपट कर जिस भक्तिभाव से माता के हृदय में अपनी भक्ति की पुकार पहुचाने के लिए आरति,प्रार्थना के स्वरों में मात भारत को जल्द से बलवान कर जिससे सुखी हो सारे नारी ओर नर दास कवि के भावों का आर्तनाद किया जाता है वह इन चूकों के रहते निष्फल ही है ओर भक्ति में लगे हम लोग भक्ति के स्थायित्व के स्थान पर कलुषित विचारों से मुक्त नही हो पाते है।

दुर्गाभक्ति तरङ्गनी में प्रोफेसर पंडित काशीनाथ जी मिश्र देवी के इन विभिन्न स्वरूपों के लिए बनने वाले पूजामंडपों के वास्तविक आकार, प्रकार की प्राथमिकता से विसर्जन तक की वैदिक धर्मानुगत विधि को शामिल करते है जिसमे शुरुआत स्वच्छ एवं उत्कृष्ट स्थान में ईशान कोण अथवा पूर्व दिशा में सभी विशेषताओं से समन्वित एवं मन को प्रिय लगने वाले देवीमंडप का वैदिक पद्धति से निर्माण करते समय देवी की प्रतिमा के विस्तार एवं ऊंचाई के अनुपात में तोरण की रचना की जाकर एक हाथ के बराबर भूमि नीचे रखकर चार हाथ की ऊंचाई के बराबर का भाग भूमि के ऊपर रखते हुये अन्य विनियोजन कर प्रवेशद्वार चंद्रमा के प्रकाश कि तरह रश्मिजाल से पूर्णता पर थमते है जहां देवी के स्वरूप का सौंदर्य ओर लावण्यता अवर्णीय दिखे । वास्तु के आधार पर स्थान के दोषों के अलावा जिस स्थान पर देवी की 9 दिवसीय स्थापना हो उस स्थान पर पताका फहराने के लिए वक्र वंशदंड के अपेक्षा सीधे सरल आकार के वंशदंड में अगर पताका दो हाथ लंबी हो तो उसकी ऊंचाई आठ हाथ के बराबर हो जिसे सप्तशती के सर्वकामिक मंत्रो के पाठ से उत्तोलित कर लगाने का विधान है ताकि पूजा के हर अवसर पर यह पताका भक्त को विजय प्राप्ति में वरदान साबित हो सके।



देवी भागवत पुराण में प्रतिमा स्थापना को लेकर कहा गया है कि जहा देवी प्रतिमा का निर्माण हो वहाँ नवरात्रि के पूर्व कि अष्टमी तिथि को लकड़ी के नौ मंगलमय मंडप अथवा वित्तीय स्थिति के अनुसार एक मंडप बनाकर उसमें प्रतिमा का निर्माण शुरू किया जाये तथा प्रतिमा के करकमलों में धारण किए जाने वाले अस्त्रशस्त्र, रत्न एवं पहनाये जाने वाले वस्त्रों-आभूषणों की फल प्रभूति से पूजन सम्पादन कार्य किया जाना चाहिए , ऐसा किए जाने पर शक्तिस्वरूपा दुर्गा देवी राज्य, आयु, पुत्र सौम्य प्रदान करती है। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए की देवी के जिस स्वरूप की स्थापना करने जा रहे है, उनके मूल स्वरूप, उनकी भुजाओ में जिस हाथ में जो दाहिनी ओर त्रिशूल, तलवार, चक्र धनुषबाण चक्र के साथ अन्य अस्त्रशस्त्र का ठीक ठीक विन्यास हो तथा बाहीं भुजा-हाथों में पुष्प चक्र, खेटक, पाश, अंकुश, घंटा, चाप, परशु, आदि धारण किए जाने चाहिए। पुजोपचार की त्रुटियों को पूजा का अवसर पर भले ही मंत्रों के माध्यम से क्षमा मांग ले ओर माँ अपनी दयालुता के कारण आपको क्षमा भी कर दे परंतु उनके स्वरूपो की छेड़छाड़ उन्हे वर्दास्त नहीं है, जिसे स्वरूप दिये जाने हेतु मूर्तिकार के समक्ष अपनी मनमर्जी से आकार दिलवाना ही अनुचित ओर वैदिक विधान के अनुरूप अनुचित कृत्य ही है जो आपकी आराधना में, आपके अनुष्ठान में आप उसे मंगलाचार समझे किन्तु वह भगवती देवी के लिए आक्षेप वचन (गाली) होगा जिसके लिए देवी माँ क्रुद्ध होकर श्रापित करती है न कि कृपा करती है इसलिए इनसे बचने के लिए उन्हे जहा वे पूर्व से प्राणप्रतिष्ठित है, उन मंदिरों में उनके उसी रूप में पूजा- आराधना करना बेहतर है । जो शक्ति कि भक्ति के लिए देवी माँ की वर्ष में आने वाली दोनों नवरात्रि ओर गुप्तनवरात्रि पर उनके वास्तविक स्वरूप को विधि विधान से पूजा भक्ति करता है तो उस भक्त पर माँ प्रसन्न रहकर वरदानों-आशीर्वादों की बरसात कर उनका जीवन आनंद से पूर्ण कर सभी प्रकार के विघ्नो का नाश करती है ओर जो अपनी संतुष्टि के लिए यथाविधि रीति से उनके स्वरूपों के विपरीत स्वरूप में दर्शन कर भक्ति करने की चूक करता है वह अनर्थ को आमंत्रित करता है, जिससे सभी को बचना चाहिए ताकि धर्मस्थापना के साथ हम देवी माँ की अनन्य कृपा प्राप्त कर सके।

## संपादकीय

# भटकी हुई पार्टी का एजेंडा

नदी की धारा में दिशा भटक चुका व्यक्ति जैसे हर तिनके का सहारा लेने की कोशिश करता है, कांग्रेस कुछ वैसे ही हाथ-पांव मार रही है। लेकिन तिनकों से किसी का बचाव होता नहीं है। कांग्रेस कार्यसमिति ने जातीय अस्मिता की राजनीति में अपनी पार्टी का उद्धार देखने की राहुल गांधी की लाइन पर मुहर लगा दी है। पार्टी ने अब आधिकारिक रूप से वादा कर दिया है कि अगर वह सत्ता में आई तो राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराएगी। संभवत: पार्टी को यह उम्मीद होगी कि इस वादे से ओबीसी जातियां कांग्रेस के पीछे गोलबंद हो जाएंगी। जाहिरा तौर पर जातीय जनगणना की मांग ओबीसी राजनीति करने वाली यानी मंडलवादी पार्टियों की है। इसलिए कि अनुसूचित जाति और जातियों की गणना तो दशकीय जनगणना में होती ही रही है। विडंबना यह है कि ऐसी मांगों को अपनी सियासत के केंद्र में रखने के बावजूद मंडलवादी पार्टियों का आधार खिसकता गया है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी अपनी सोशल इंजीनियरिंग के जरिए पिछड़ी से लेकर दलित जातियों तक में अपनी पैठ गहरी करती गई है। इस लिहाज से मंडलवादी नारे एक्सपायर्ड दवा होकर रह गए हैं। कांग्रेस को अब इसमें अपना उद्धार दिखता है, तो इसे पार्टी की भटकी सोच का संकेत ही माना जाएगा। भटकाव का आलम यह है कि एक तरफ पार्टी खुद पर मंडलवादी रंग चढ़ाने की होड़ में उतर गई है, उसी समय हरियाणा में पार्टी के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने ब्राह्मण सम्मेलन आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने वादा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई, तो किसी ब्राह्मण को उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। अब कांग्रेस के दो रूप देखकर कौन-सी जाति क्या संदेश ग्रहण करेगी ? उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने कांशीराम की विरासत को हथियाने की मुहिम शुरू करने का फैसला किया है। वैसे भी जातीय सम्मेलनों का आयोजन कांशीराम की रणनीति का ही हिस्सा था। तो एक साथ कांग्रेस लोहियावादी/मंडलवादी, कांशीरामवादी और ब्राह्मणवादी सब बनने की फिराक में है। यह क्या बताता है ? यही कि नदी की धारा में दिशा भटक चुका व्यक्ति जैसे हर तिनके का सहारा लेने की कोशिश करता है, कांग्रेस कुछ वैसे ही हाथ-पांव मार रही है। लेकिन तिनकों से किसी का बचाव होता नहीं है। चूंकि कांग्रेस अपने लिए विचारधारा आधारित पुख्ता सियासी नौका तैयार नहीं कर पाई है, इसलिए उसे भी तिनकों में ही सहारा दिख रहा है।

# मानसिक स्वास्थ्य के उजालों का स्वागत करें

**ललित गर्ग**

देश एवं दुनिया में मानसिक बीमारियां बढ़ रही है, तनाव एवं असंतुलन के कारण अनेक विकृतियां एवं मनोरोग पनप रहे हैं, मानसिक अस्वास्थ्य वर्तमान युग की ज्वलंत समस्या है, उस पर नियंत्रण पाने के लिये विविध प्रयोग हो रहे हैं। इन्हीं प्रयोगों में एक सकारात्मक उपक्रम है, विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस। लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील और जागरूक करने के उद्देश्य से 10 अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाता है। शास्त्रों में कहा गया है ङ्क चिंता, चिता के समान है। प्रतिदिन के तनाव से उपजती और मौत के मुंह में ले जाती गंभीर बीमारियों को देखते हुए यह बात बिल्कुल सही साबित होती है। हर एक मिनट का हिसाब रखती, भागदौड़ भरी वर्तमान जीवनशैली में सबसे बड़ी और लगातार उभरती हुई समस्या है मानसिक अस्वास्थ्य। हर किसी के जीवन में स्थाई रूप से अपने पैर पसार चुके मनोरोग, तनाव, कुंठा, ईर्ष्या व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर रहे हैं। आपकी निजी जिंदगी से शुरू होने वाला मानसिक तनाव एवं मानसिक विकृतियां पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण समस्या बनकर उभरी है, जो अपने साथ कई तरह की अन्य समस्याओं को जन्म देने के कारण होते हैं। इन्हीं मानसिक विकृतियों एवं बीमारियों से ही उजपा है आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, भ्रष्टाचार, व्यभिचार, एवं यौन विकृतियां। यही कारण है, कि इनसे बचने के लिए और मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए योग, ध्यान, अध्यात्म और कई तरह के अलग-अलग तरीकों को लोग अपने जीवन में उतार रहे हैं।

यह सच है कि प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा के इस युग में मनोरोग अधिक पनप रहे हैं। बीमार मानसिकता के कारण ही हम लगातार संघर्षों एवं परेशानियों से घिरे रहते हैं। हमारा मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य के साथ काफी जुड़ा हुआ है। किसी एक के प्रभावित होने से दूसरे पर जरूर असर पड़ता है। हम यह भी जानते हैं हमारे मस्तिष्क के रसायन, हमारे मन और विचारों को प्रभावित करते हैं। मानसिक तनाव की स्थिति में हम प्रायः किसी तरह के व्यायाम, योग-ध्यान को करना पसंद नहीं करते। जबकि मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि हम पौष्टिक आहार खाएं, व्यायाम करें, ध्यान एवं साधना के प्रयोग करें और भरपूर नींद लें।

मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योती माहेश्वरी का मानना है कि मानसिक स्वास्थ्य का रिश्तों के साथ गहरा संबंध है। भारतीय संस्कृति में परिवार व पारिवारिक मूल्यों की अपनी अहमियत है। यही वह व्यवस्था है जो भारतीय समाज को विश्व में सर्वश्रेष्ठ और अद्वितीय बनाती है। यह भारत और भारतीयता की विशिष्ट पहचान है, लेकिन समय के साथ यह संस्था भी प्रभावित होती गई है और मौजूदा समय में संक्रमण के दौर से गुजर रही है। इसकी एक बड़ी वजह है कि मनुष्य का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। विरोधाभासी स्थितियों के कारण से भारतीय समाज को प्रगतिशील बनाने के बजाय तनावग्रस्त ज्यादा बनाया है। खुले दिल-दिमाग से हमने पारिवारिक व्यवस्था और मूल्यों का मूल्यांकन करना ही बंद कर दिया है। जिसका परिणाम है समाज में तरह-तरह के रोगों का पनपना, रोज गृह-क्लेश, तलाक, घरेलू हिंसा, पारिवारिक झगड़े जैसी घटनाएं होना।



मस्तिष्क प्रमुख प्रवर्तक है, वह मनुष्य की सोच की दिशा तय करता है। यह मस्तिष्क ही है जो चाहे तो हमें ईश्वर की ओर जाने में सहायता दे सकता है या निरर्थक गतिविधियों में फंसाये रख सकता है। किसी भी तरह के युद्ध या हिंसा के व्यूह-रचना सबसे पहले मस्तिष्क में रची जाती है फिर समरांगण में यानी प्रायोगिक रूप में उतरती है। इसी तरह हर एक अच्छा विचार या अच्छी प्रवृत्ति सबसे पहले मस्तिष्क में आकार लेती है, फिर जीवन व्यवहार में उसको साकार होते देखा जाता है। यह मस्तिष्क ही है जो हमें शक्ति देता है जिससे हम हार को जीत में बदल देते हैं। बुराई से अच्छाई, असत्य से सत्य, अंधकार से प्रकाश और हिंसा से अहिंसा की ओर ले जाने में मस्तिष्क ही कारगर भूमिका निभाता है। मन को शक्तिशाली बनाने और जीवन में जोश भरने का काम संतुलित मस्तिष्क एवं स्वस्थ मानसिकता के द्वारा ही संभव होता है।

व्यक्ति के जीवन का ध्येय होना चाहिए कि उसका मस्तिष्क संतुलित एवं स्वस्थ बने, उसे हार, डर और बुराई की प्रवृत्ति से हटाकर उपलब्धि, जीत और अच्छाई की दिशा में ले जाए। मस्तिष्क स्वस्थ और शांत होता है तो जीवन अर्थपूर्ण और लक्ष्य समर्पित होता है। अन्यथा उसमें खालीपन भर जाता है, अनेक घातक बीमारियों को पनपने का कारण बनता है। कहा भी गया है खाली दिमाग शैतान का घर होता है। यह खालीपन बहुत बार मानसिक ही नहीं बल्कि शारीरिक बीमारियों का कारण भी बनता है। मस्तिष्क की अस्वस्थता से शरीर ही नहीं, आत्मा भी बीमार हो जाती है। अध्यात्म महर्षियों ने स्वस्थ मस्तिष्क को स्वस्थ मानव का मूलभूत आधार माना है। विज्ञान भी इससे असहमत नहीं है। डॉक्टरों ने तो यहां तक कहा है कि बड़ी से बड़ी बीमारी पर अपनी चित्त-दशा को बदलकर नियंत्रण पाया जा सकता है। अधिकांश बीमारियों का कारण व्यक्ति की रुग्ण मानसिकता ही है। सही जीवन पद्धति, स्वस्थ मानसिकता एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति से एक उन्नत व्यक्ति और समाज का निर्माण संभव है।

यह बात हर किसी को हर दिन याद रखनी चाहिए, कि तनाव किसी भी समस्या का हल नहीं होता बल्कि कई अन्य समस्याओं का जन्मदाता होता है। इसी तनाव के कारण अनेक मनोरोग उत्पन्न होते है। तनाव ही आपको अत्यधिक सिरदर्द, माइग्रेन, उच्च या निम्न रक्तचाप, हृदय से जुड़ी समस्याओं से ग्रस्त करता है। दुनिया में सबसे अधिक हार्ट अटैक का प्रमुख कारण मानसिक तनाव एवं मानसिक अस्वास्थ्य होता है। यह आपका स्वभाव चिड़चिड़ा कर आपकी खुशी और मुस्कान को भी चुरा लेता है। इससे बचने के लिए तनाव पैदा करने वाले अनावश्यक कारणों को जीवन से दूर करना जरूरी ही नहीं, अनिवार्य हो गया है। मस्तिष्क को संतुलित एवं स्वस्थ बनाने का कार्य जटिल अवश्य है लेकिन असंभव नहीं। गीता में अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि चित्त बहुत चंचल, उद्वेगकारक और दुराग्रही है। इसे वश में करना वायु को वश में लाने के समान है। भगवान श्रीकृष्ण ने तब एक सरल उपाय बताया कि निरंतर अभ्यास और अनासक्ति से चित्त को वश में किया जा सकता है।'' आज योग, ध्यान और साधना के क्षेत्र में अनेक प्रयोग कराए जाते हैं जिनसे मस्तिष्क को संतुलित, मनोरोगों पर नियंत्रण एवं स्वस्थ मानसिकता को संभव बनाया जा सकता है।

निराशा और मृत्यु दोनों एक ही सिक्के के दो पहलुओं की तरह है। वस्तुतः समस्या का समाधान व्यक्ति के अपने भीतर में अवस्थित है अगर अंतःकरण जागृत हो गया तो संघर्ष के सारे तूफान एक साथ शांत हो सकते हैं, क्योंकि उनका उद्गम-स्थल तो एक ही है। यद्यपि दिखाई यह दे रहा है कि समस्याएं असंख्य है किंतु उनका समाधान एक प्रशिक्षित मस्तिष्क ही कर सकता है। यह प्रशिक्षण बाहरी नहीं बल्कि अपने ही दिल और दिमाग को निर्मल करने का सम्यक् उपक्रम बने, तभी संभव है। मन की तृष्णा और अत्यधिक प्राप्त कर लेने की आकांक्षा संतोष और आंतरिक संतुलन जैसे चिंतन से ही शांत हो सकेगी।

'मैं' की शैवाल इतनी सघन है कि असलियत का सूर्य नजर ही नहीं आता। अपनी महत्त्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए निजी रिश्तों को भी दांव पर लगा दिया जाता है। बेटी पूरे गांव की इज्जत समझी जाती थी, पर आज खुले आम द्रौपदी का चीरहरण होता है किंतु सबकी आंखें धृतराष्ट्र बनी हुई है। मूढ़ता जिंदगी के हर मुकाम पर तैनात है। ऐसी स्थितियां अस्वस्थ मानसिकता की उपज है। समाज एक जलाशय है। उसमें एक ढेला फेंकने का अर्थ है पूरे पानी को कम्पित कर देना। ''समूह में एक नहीं, सभी व्यक्ति महत्त्वपूर्ण हैं'' -इस विचार की कलमें रोपना (लगाना) जरूरी है। क्योंकि व्यक्ति हित, व्यक्तिगत चिंतन, व्यक्तिगत सुविधा और व्यक्तिगत जीवन को महत्त्व देने वाला व्यक्ति समाज के चैखटे में फिट नहीं हो सकता। फिर तो वहां दूध के स्थान पर पानी का भरा तालाब ही नज़र आएगा। विश्व मानसिक स्वास्थ्य संघ (वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ) ने विश्व के लोगों के मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को यथार्थवादी बनाने के लिए विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की स्थापना की थी। दृष्टिकोण हमारा कितना मानवीय है और कितना होना चाहिए यह मस्तिष्क के परिष्कार एवं स्वस्थ मानस पर निर्भर है।

# मिस्र ने इजराइल को चेताया था!

**श्रुति व्यास**

आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों। ये तो होना ही था। लंबे समय से लग रहा था कि हमास कभी न कभी इजराइल पर बर्बर हमला करेगा। नि:संदेह यह हमला इजरायली खुफिया तंत्र की भयावह असफलता है। किंतु हम सब जानते हैं कि अति आत्मविश्वास घातक होता है। इजराइल को भरोसा था कि उसकी दमदार सेना और अतिकुशल सुरक्षा कवच के चलते हमास गाजा पट्टी के बाहर कुछ भी नहीं कर पाएगा। चन्द मुठभेडें हो सकती हैं लेकिन कुछ बड़ा नहीं होगा। हालाँकि मिस्र ने उन्हें आगाह किया था। ऐसी खबरें हैं कि मिस्र ङ्क जो इजराइल और हमास के बीच मध्यस्थ की भूमिका अदा करता है ङ्क ने चेतावनी दी थी कि गाजा का यह आतंकवादी संगठन कुछ 'बड़ा' करने की योजना बना रहा है। लेकिन येरुशलम ने मिस्र की खुफिया संस्थाओं की चेतावनी को बार-बार नजरअंदाज किया। अपना ध्यान वेस्ट बैंक पर केन्द्रित रखा। सिर्फ दस दिन पहले मिस्र के खुफिया विभाग के मंत्री जनरल अब्बास कामेल ने नेतन्याहू को फोन मिलाया था। लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। हालांकि बीबी उर्फ नेतन्याहू ने ऐसी कोई पूर्व चेतावनी मिलने की बात का खंडन किया है और उन्होने राष्ट्र को संबोधित करते हुए ऐसी खबरों को 'झूठा' बताया है।

लेकिन ऐसा कभी नहीं होगा या हो सकता, यह मानना ही खुशफहमी थी। मध्यपूर्व हमेशा बिना शांति के रहा है। इस क्षेत्र में राजनैतिक हालात जटिल हैं और फिलिस्तीनी मसला संवेदनशील और पेचीदा रहा है।पश्चिम एसिया के कई देशों की सरकारें इजराइल के साथ संबंध कायम करना चाहती हैं लेकिन फिलिस्तीनियों के अधिकारों का मामला अरब बिरादरी के लोगों के लिए हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। वे मानते हैं कि संबंध सामान्य होने की संभावना बहुत कम है। सात अक्टूबर को हमास द्वारा किया गया रक्तपात अत्यंत निंदनीय है लेकिन यह भी एक सचाई है कि इजराइल ने 56 साल से वेस्ट बैंक पर कब्जा किया हुआ है और मिस्र के साथ मिलकर उसने गाजा पट्टी की घेराबंदी कर रखी है।

फिलिस्तीनी गंदे हालातों में जी रहे हैं। वे हिंसा, बेदखली और अमानवीय स्थितियों का सामना करने को बाध्य हैं। फिलिस्तीनी सरकार के पूर्व सूचना मंत्री डॉ मुस्तफा बरगोती, जो पेलिस्टाइन नेशनल इनिशिएटिव नामक एक लोकतांत्रिक फिलिस्तीनी संगठन का प्रतिनिधित्व करते हैं, और जिनका फतह और हमास दोनों से कोई संबंध नहीं है, ने फरीद जकारिया को दिए गए एक साक्षात्कार में साफ शब्दों में कहा कि यह स्थिति आधुनिक काल के सबसे लंबे समय तक चले कब्जे का सीधा नतीजा है। बेबाकी से अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमास का हमला कई कार्यवाहियों की प्रतिक्रिया था, जिनमें फिलिस्तीनियों पर वहां बसे लोगों द्वारा हमले, वेस्ट बैंक से फिलिस्तीनयों के निष्कासन, इजरायली उग्रपंथियों द्वारा मुस्लिम और ईसाई पवित्र स्थलों पर हमले और इजराइल द्वारा अरब देशों से सामान्य संबंध कायम करना शामिल हैं ङ्कइन सबको बरगोती ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू द्वारा फिलिस्तीनियों के अधिकारों और उनके लक्ष्यों को समाप्त करने का प्रयास बताया है।

तीस साल पहले फिलिस्तीन और इजराइल के बीच ओस्लो शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे।एक नई सुबह का उदय हुआ था और नए रिश्तों की शुरूआत व दुश्मनी के खात्मे की उम्मीद जागी थी। वह अब एक सपना भर है। और दोनों पक्ष इस बात पर राजी थे कि पांच साल बाद दोनों समुदाय संप्रभु राष्ट्रों में निश्चित सीमाओं के भीतर बस जाएंगे। और अंतरिम समझौता समाप्त हो जाएगा। लेकिन यह कभी न हो सका।तभी सात अक्टूबर को न केवल ओस्लो समझौते का पूरी तरह खात्मा हो गया बल्कि भविष्य में किसी समझौता वार्ता की संभावना भी समाप्त हो गई। आने वाले दिनों और महीनों में घटनाक्रम क्या रूख लेगा, यह कहा नहीं जा सकता, लेकिन यह एक लंबे युद्ध की शुरूआत है।

बेंजामिन नेतन्याहू ने ''एक बड़ी कीमतऽ वसूलने का संकल्प व्यक्त किया है। हमास को अपनी करनी का नतीजा भुगतना पड़ेगा और इस प्रक्रिया में उसके नेता इस्मायल हनिए और मोहम्मद डेफ या तो मारे जाएंगे या गिरफ्तार किए जाएंगे। हमास के अधिकारियों का कहना है कि उनका संगठन भी लंबे युद्ध के लिए तैयार है। ज्यादातर कहर गाजा पर बरपाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र संघ का मानना है कि वर्तमान में गाजा में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या सन् 2014 के बाद से सबसे ज्यादा है। गाजा को पहले ही जीवन और रोजमर्रा की सारी मूलभूत सुविधाओं से महरूम कर दिया गया है। गाजा में नागरिकों की मौत को बहुत अनुचित व अन्यायपूर्ण माना जाएगा। इससे दुनिया में इजराइल की प्रतिष्ठा धूमिल होगी और यह वाकई बहुत गलत होगा। लेकिन इजराइल ने प्रतिशोध लेने और गाजा पर दुबारा कब्जा करने का संकल्प लिया है, भले ही इसके नतीजे में हमास उसके अपने लोगों की हत्या कर दे।

मध्य पूर्व लम्बे समय से शांति से वंचित रहा है और लगता है कि उसके सुकून के दिन कुछ, या शायद बहुत दूर खिसक गए हैं।

## सार-समाचार

### अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश सचिव बने कौशलेन्द्र



**नन्दू यादव/ सूरजपुर। भारत भास्कर।** छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े संगठन अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश प्रताप सिँह एवं प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द शर्मा के निर्देशानुसार राजधानी रायपुर मे पिछले दिनों एक दिवसीय बैठक रखा गया, बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सूरजपुर के युवा पत्रकार कौशलेन्द्र यादव को प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप गई है उनके इस मनोनयन से जिले के युवा पत्रकारों में हर्ष व्याप्त हैं। बैठक में जिलों एवं तहसीलो से कलमवीरो ने सैकड़ो के संख्या मे एकत्रित हुए जिसमे खासकर संगठन ने पत्रकार सुरक्षा क़ानून को लेकर विशेष चर्चा किया ।पत्रकारों के ऊपर फर्जी एफ़आइआर, पत्रकार उत्पीड़न, एवं पत्रकारों कि स्वतंत्रता कि हनन को लेकर गंभीरता से चर्चा किया गया, एवं पत्रकार सुरक्षा क़ानून मे कुछ बिंदु को लागु करने कि मांग भी उठा जिससे वरिष्ठ पत्रकार साथियो ने अपना सहमति देते हुए सभी के विचारानुसार पत्रकार सुरक्षा क़ानून मे बिंदुवार जोड़ने हेतु एक विशाल सम्मेलन राजधानी रायपुर मे रखने कि सहमति दिया है।

### बीएमएस ने समरसता दिवस के रूप में मनाया ठेंगड़ी जी की पुण्यतिथि



**चिरमिरी-भारत भास्कर** भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के पुण्यतिथि को समरसता दिवस के रूप में बीएएमएस श्रम संगठन के द्वारा मनाया गया इसके पूर्व संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ श्रम संगठन के सभी पदाधिकारीयो ने क्षेत्र के शनि मंदिर में एकत्र होकर पूजा अर्चना की इसके पश्चात काफी संख्या में श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद का वितरण किया कार्यक्रम में स्थानीय साप्ताहिक बाजार में दूरदराज से आए हुए लगभग 500 से भी ज्यादा सब्जी विक्रेता ग्रामीणों ने भोग प्रसाद ग्रहण किया संगठन के संयुक्त महामंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि हम उनकेआदर्शों पर चलकर देश ही नहीं विश्व के एकमात्र गैर राजनीतिक मजदूर संगठन का विस्तार करेंगे तथा इसकी नीति और सिद्धांतों पर चलते हुए अपने उद्योग और श्रमिकों के हित की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहेंगे। इस दौरान संगठन के मनोज राय नरेश सिंह पिंदे सरदार सुभाषिश सरकार सुदेश्वर प्रसाद बी एल विश्वकर्मा राकेश सिंह प्रणेश सुनील साहू मनोज दास सोमनाथ खुटिया राजेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मैं भरतपुर सोनहत की बेटी क्षेत्र के सेवा का अवसर ही मेरा सौभाग्य--रेणुका सिंह



**एमसीबी--भारत भास्कर** विधानसभा भरतपुर सोनहत से भाजपा की प्रत्याशी रेणुका सिंह सोनहत में दौरा संपन्न कर नवरात्रि के पहले दिन से जन संपर्क दौरों का शुभारंभ किया है, क्षेत्र के लोगों ने भी उनका जमकर स्वागत किया रेणुका सिंह के द्वारा सोनहत के घुघरा तथा पहाड़पारा जो कि उनका माइके है, उनका बचपन यहां से गुज़रा है, अपने मायके से आशीर्वाद प्राप्त किया, उन्होंने कहा कि मैं बाहरी नहीं भरतपुर सोनहत की बेटी हूं यहां के लोग मेरे अपने हैं उनके सेवा का अवसर ही मेरा सौभाग्य होगा पार्टी ने प्रबल दावेदार मानते हुए टिकट दिया है, विधानसभा भरतपुर सोनहत की ज़िम्मेदारी दी है, जहां एक तरफ़ रेणुका सिंह भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति केंद्रीय मंत्री हैं वहीं दूसरी तरफ़ पार्टी ने विधानसभा भरतपुर सोनहत का कमान भी अब उनके हाथों में सौंप दिया है, जो कि एक बड़ा नाम है। साथ मे प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं बैकुंठपुर के उम्मीदवार भैयालाल् राजवाड़े एवं कोरिया भाजपा के जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल के साथ सोनहत क्षेत्र में जनसंपर्क किया, सोनहत में स्थित महामाया मंदिर में नवरात्र के पहले दिन माता रानी का आशिर्वाद लेते हुए लोगों से मिलीं, जहां पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की उमड़ी भीड़ ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं, सोनहत में दौरा संपन्न कर नवरात्रि के पहले दिन से रेणुका सिंह के जन संपर्क दौरों का शुभारंभ भी हो गया है,अपनी प्रबल एवं मजबूत दावेदारी पेश करती रेणुका सिंह अपने अभियान में निकल पड़ी है

नहीं थम रहा अवैध रेत का कोराबार:पुलिस के संरक्षण में निकल रहे रेत से ओवरलोड ट्रक

# धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे रेत के ओवरलोड वाहन








### अधिकारी नहीं कर रहे हैं कार्रवाई:रेत से भरे ओवरलोड ट्रक व डंपर बन रहे हादसे का कारण

**नन्दू यादव**

**सूरजपुर भारत भास्कर /:--** क्षेत्र की सड़कों पर रेत के ओवरलोड वाहनों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेत के स्टॉक से बेरोकटोक चलने वाले वाहनों से सड़कों की दिनोंदिन हालत बदतर होती जा रही है। ओवरलोड वाहनों के कारण हर समय हादसे की आशंका बनी हुई है।

खनन ठेकेदारों की ओर से अंबिकापुर- बनारस रोड स्थित गांव भैसमुंडा, केवरा, दवंकरा मे रेत के स्टॉक लगाए गए हैं। जहां से परिवहन नियमों की अनदेखी कर ओवरलोड वाहनों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा हैं। रेत के ओवरलोड वाहन क्षेत्र की सड़कों पर दिन-रात सरपट दौड़ रहे हैं।

इसके बावजूद परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही। इसके अतिरिक्त रेत के ओवरलोड वाहनों से उड़ती रेत और धूल ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई है। वहीं, सड़कों की हालत भी दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही हैं। सड़कों में गड्ढे बन रहे हैं। ये हादसों का बड़ा कारण बन रहे हैं। इससे सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाई जा रही है। इसके बावजूद परिवहन विभाग या फिर प्रशासनिक अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**हादसा हुआ तो जिम्मेदार कौन :** पुलिस व परिवहन विभाग की ओर से परिवहन नियमों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु तमाम अभियान चलाए जाते हैं। इसके तहत कार्रवाई भी की जाती है। रेत स्टॉक से बेरोकटोक दौड़ने वाले अधिकतर वाहन बिना नंबर प्लेट नजर आते हैं। इन पर प्रभावी कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। वाहनों में रेत ऊपर तक भरी रहती है। ओवरलोडिंग के कारण हादसे का खतरा बना रहता है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि रेत के बिना नंबर प्लेट चल रहे ओवरलोड वाहनों से यदि कोई हादसा हुआ, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

**अफसर नही करते कार्रवाई :** ओवरलोड रेत से भरे डंपर शासकीय कार्यालय के सामने से बेखौफहोकर प्रति दिन निकलते है। लेकिन ओवर लोड रेत से भरे इन डंपरों पर प्रशासनिक अफ्सरों के द्वारा कोई कार्रवाई नही की जाती है। हालांकि कभी कभार दिखावे के लिए रेत से भरे डंपरों पर चैकिंग के नाम पर रोका जाता है। तथा बगैर कार्रवाई के चलता कर दिया जाता है।

**तिरपाल से ढंकते हैं रेत से भरी ट्रॉली :** बता दें कि यहां से निकलने वाले रेत के ट्रॉलियों को तिरपाल से ढंक दिया जाता है। पूरी रात भैसमुंडा और केवरा घाटो से बड़े पैमाने पर रेत का अवैध कारोबार चल रहा है। इनमें अधिकांश ट्रॉलिया बिना नंबर के होते हैं।

**अफसरों की मिलीभगत से हो रहा है रेत का परिवहन :** ओवरलोड रेत व बगैर लायल्टी के रेत का परिवाहन करने वालो पर स्थानीय प्रशासन ही नही खनिज विभाग के जिला स्तरीय अफ्सर भी मेहरवान है। बताया जा रहा है कि अफ्सरों की सांठगांठ से ही रेत का अवैध कारोबार धडल्ले से जारी है।

**ट्रैक्टर ट्रॉलियों से भी होता है रेत का परिवहन :** क्षेत्र में सुबह के समय भी अनेक की संख्या में रेत से भरी ट्रक आती है। इनके पास भी ना तो रायल्टी होती है और ना ही वाहन के वैध कागजात । इसके बाद भी रेत का काला कारोबार बेखौफ चल रहा है ।

**ओवरलोड वाहनों की तेज गति बन रही जानलेवा :** रेत से भरे ओवरलोड वाहन को जल्द से जल्द तय स्थान पर पहुंचाने के लिए चालक द्वारा अंधगति से वाहन को हाइवे पर दौड़ाया जाता है। अंबिकापुर से बनारस मार्ग होने से अक्सर क्रांसिंग के दौरान हादसे की संभावना बनती है। ओवरलोड वाहन का चालक गति को धीमी नहीं करता है ऐसा में सामने से आ रहा दो पहिया या चार पहिया वाहन उसी चपेट में आ जाता है या तेज गति के कारण खुद चालक अपना नियंत्रण वाहन से खो बैठता है और बड़ा हादसा हो जाता है।

**आदर्श आचार संहिता के मध्य नजर जगह-जगह लगे चेक पोस्ट फिर भी बेधड़क दौड़ रहे हैं ओवरलोड गाड़ियां :** छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर आचार संहिता लगा हुआ है जहां सीमावर्ती क्षेत्र पर आवागमन की साधनों के जांच पड़ताल के लिए चेक पोस्ट बनाया गया है जहां स्पष्ट आदेश जारी हुआ है कि हर एक गाड़ियों की जांच पड़ताल कर ही उसे छोड़ जाए फिर भी ऐसी स्थिति में यदि जिले से ओवरलोड रेता से भरी गाड़ियां बेरोकटोक मेन रोड पर दौड़ती हुई दूसरे राज्य में प्रवेश कर रही है यह सोचना लाजमी है कि किसके संरक्षण में हो रहा है क्या इनके लिए आदर्श आचार संहिता लागू नहीं होता क्या इन गाड़ियों का जांच पड़ताल नहीं करना चाहिए अगर किया जाता है तो फिर यह गाड़ी है दूसरे सीमावर्ती राज्यों में कैसे प्रवेश कर रहे हैं।

**जिले का खनिज विभाग बना मूकदर्शक :** सूरजपुर जिले में आमतौर पर आप छोटे-मोटे गाड़ियों पर ही खनिज विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए पाएंगे जहां ग्रामीण क्षेत्र से लोग अपने मूलभूत सुविधाओं के लिए रेत का उठाव ट्रैक्टर ट्रालियों में करते हैं उन्हीं पर खनिज विभाग की नजर पड़ती दिखाई देती है आमतौर पर खनिज विभाग की नजर बड़े गाड़ियों पर कभी नहीं पड़ती जिस पर खनिज विभाग कार्यवाही करती दिखाई दे अगर इस विषय पर किसी के द्वारा सूचना देना संभव होता है तो खनिज विभाग के द्वारा कभी फोन रिसीव नहीं किया जाता जहां खनिज विभाग के द्वारा पत्रकारों से स्पष्ट दूरी बनाकर रखी गई है जहां फोन उठाना उनके लिए संभव ही नहीं।

## पण्डो, धनुहार बस्ती में खराब नल का ग्रामीण पेय जल के लिए नाला, ढोढ़ी में थे आश्रित



### सूचना पर जनपद सीईओ ने तत्काल कराया मरम्मत

**नन्दू यादव**

सूरजपुर भारत भास्कर जिले के प्रेमनगर विकास खंड के एक ग्राम पंचायत पण्डो, धनुहार जनजाति द्वारा कई वर्षो से पेय जल के लिए काफी मशक्कत कर रहे थे। दर्जन भर ग्रामीण पानी के लिए ढोढ़ी, नाला में पानी के लिए आश्रित थे। जिसकी सूचना पर हमर उत्थान सेवा समिति के पदाधिकारियों ने मोहल्ले का दौरा कर समस्याओं से प्रेमनगर के जनपद सीईओ अलोक सिंह को अवगत कराया, इनके द्वारा तत्काल संज्ञान में लेकर नल का मरम्मत कराया है।

गौरतलब है कि प्रेमनगर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत केदारपुर के मुरहीपानी पारा में दो नल काफी दिनो से खराब था। करीब एक दर्जन से अधिक संरक्षित जनजाति पण्डो और धनुहार का है। ग्रामीण पेय जल की पूर्ति के लिए नाला और ढोढी में आश्रित थे। हमर उत्थान सेवा समिति के माध्यम से प्रेमनगर के जनपद सीईओ आलोक सिंह को सूचित किया इनके द्वारा तत्काल संज्ञान में लेकर नल दोनो नल का मरम्मत कराया हैं। अब ग्रामीण को पानी के नल का उपयोग कर रहे है। ग्रामीणों ने हमर उत्थान सेवा समिति का धन्यवाद ज्ञापित किया है। ग्रामीणों ने कहा कि अब हम नल का पानी उपयोग करेंगे, ढोढ़ी का पानी पीने से स्वास्थ संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब नल का मम्मद होने से शुद्ध पेय जल की पूर्ति हो जायेगा।

## चाट, चना मुरारा और फल ठेलों की दूकानों से घिरे नेता जी, का प्रतिमा आजादी के सहिद क्रांतिकारी वीर का अपमान...

**नन्दू यादव**

**सूरजपुर भारत भास्कर।** ब्लॉक मुख्यालय रामानुजनगर के हृदय स्थल सुभाष चौक में स्थापित नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा को चना ,चखना, चाट फूलकी ,फल दुकानदारों के द्वारा चारों तरफ से घेर लिया गया है। जिस नेताजी ने देश को आजाद कराने के लिए अपने आप को कुर्बानी दे दिया है उसका प्रतिमा को आज इन चना,चखना,चाट फूलकी, फल दुकानदारों के द्वारा गुलाम बना लिया गया है। दुकानदारों के द्वारा नेताजी के प्रतिमा के सामने दुकान लगाने से नेताजी के प्रतिमा पूरी तरह से ढक जाता है। क्षेत्रवासियों के मनसा अनुरुप सुभाष चौक में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित कर टाईल्स ,मार्बल से चकाचक कर सौन्दर्यरीकरण दिया दिया है। परंतु देख-रेख के अभाव में नेता जी के प्रतिमा के आसपास गंदगी का आलम बना हुआ है।

प्रशासनिक उदासीनता के कारण नेताजी के प्रतिमा का रख रखाव व प्रतिदिन साफ-सफाई नहीं होने से पूरा गंदगी फैला हुआ है। तथा सरारती तत्वों के द्वारा सौंदर्यरीकरण के लिए लगाये गये रेलिंग को भी कई जगह से क्षति ग्रस्त कर दिया है। इसके बाद भी देख रेख करने वाला कोई नहीं है।जिसके कारण नेताजी प्रतिमा असुरक्षित है। सुभाष चौक में नेताजी के प्रतिमा के सामने चना,चाट ठेला का दुकान लगाने के लिए दुकानदारों के बीच में आये दिन विवाद होता रहता है। क्योंकि यहां पर ठेला टपरी दुकान लगाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। इसलिए जो पहले ठेला लेकर पहुंचता है वह दुकान लगा लेता है लेकिन सबसे पीछे पहुचने वालों के लिए दुकान लगाने हेतु जगह नहीं मिलता है तो उस स्थिति में एक दूसरे के साथ विवाद निर्मित होता है। सुभाष चौक रामानुजनगर ब्लॉक मुख्यालय का हृदय स्थल है। यहां पर चारों तरफ से मेल होता है। इसके साथ यहा पर मुख्य मार्केट भी है जिसके कारण हमेशा यहां पर लोगों का भीड़ लगा रहता है। और इसी बीच में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा के सामने सड़क के पर चना,चखना, चाट,फूलकी, फल दुकान लगता है। जिसके वजह से यहां पर और भीड़भाड़ हो जाता है जिससे हमेशा यहां पर भीड़भाड़ होने के कारण अवागमन करने वालों को भारी परेशानी होती रहती है और हमेशा दुर्घटना होने की संभावनाएं बनी रहती है।





स्थानीय लोगों का कहना है कि रामानुजनगर के हृदय स्थल में चौपाटी के जगह नहीं है।परंतु प्रशासन के द्वारा सभी चना,चखना, चाट फूलकी ,आईसक्रीम के साथ फल दुकान को एक स्थान पर व्यवस्थित किया जावें ,जहां पर पार्किंग की व्यवस्था हो।

> इस मैं समय निर्वाचन कार्य में व्यस्त हूं , जल्द ही इन चना,ठेला ,दुकानदारों को अन्यत्र जगह व्यवस्थित करने का प्रयास किया जायगा।
>
> **संजय राय**
> **मुख्यकार्यपालन अधिकारी**
> **रामानुजनगर**

## एक ऐसा मतदान केंद्र जहां सिर्फ पांच लोग मतदान करेंगे



**राजीव वर्मा**

**एमसीबी--भारत भास्कर---** छतीसगढ़ की पहली विधानसभा भरतपुर सोनहत के शेराडांड़ गांव में केवल पांच मतदाता हैं। इन पांच वोटरों के लिए प्रशासन अलग से मतदान केंद्र बनाता है। यह मतदान केंद्र छतीसगढ़ का सबसे छोटा मतदान केंद्र है और सम्भवत: देश का भी सबसे छोटा मतदान केंद्र शेराडांड़ को ही माना जा रहा है। बता दे कि 15 साल पहले 2008 में यह मतदान केंद्र तब सुर्खियों में आया था, जब यहां केवल 2 मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र एक झोपड़ी में बनाया गया था। लेकिन अब यहां एक पक्के भवन का निर्माण हो गया है जिसमें इस बार के चुनाव में मतदान संपन्न होगा। जानकारी के अनुसार इन पांच मतदाओं में भी दसरू राम अपना परिवार लेकर यहां 5 साल पहले जशपुर से आकर बसा है। वह और उसकी पत्नी सुमित्रा शेराडांड़ में पहली बार मतदान करेंगे। शेराडांड़ में विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान कराने के लिए मतदान दल गांव के पास से निकली मुड़की नदी को पार कर यहां पहुचते हैं। शेराडांड़ का यह मतदान केंद्र क्रमांक 143 है। भरतपुर सोनहत विधानसभा क्रमांक 1 में आता है।

चुनाव आयोग का मतदान दल यहां दो दिन पहले ट्रैक्टर के माध्यम से पहुंच पाते हैं और दो रात यहीं रुककर मतदान करवाते हैं। हर बार यहां 100 फीसदी मतदान होता है। चंदहा से शेराडांड़ तक 5 किलोमीटर तक सड़क और पुल न होने से जाने में काफी परेशानी भी होती है।

चंदहा ग्राम पंचायत का आश्रित गांव है शेराडांड़। घने जंगलों के बीच इस शेराडांड़ में केवल तीन घर हैं। एक घर में 60 साल के महिपाल राम नामक बुजुर्ग अकेले रहते हैं। दूसरे घर में रामप्रसाद चेरवा अपनी पत्नी सिंगारो और चार बच्चों के साथ रहते हैं, जबकि तीसरे घर मे दसरु राम अपनी पत्नी सुमित्रा, एक बेटी और एक बेटे के साथ निवास करते हैं। इसका एक बेटा गांव से बाहर रहकर पढ़ाई करता है। इन तीन घरों को मिलाकर कुल पांच मतदाता हैं, जिसमें तीन पुरुष और दो महिला मतदाता हैं।

## सेंट्रल बैंक का ग्राहक मिलन आयोजन




**राजीव वर्मा**

**चिरमिरी-** भारत भास्कर सेंट्रल बैंक चिरमिरी के द्वारा हल्दीबाड़ी के होटल एल्विना में ग्राहक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें शहर के प्रबुद्ध ग्राहकों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक सर सोराबजी पोचखाना वाला के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रचलित कर किया गया

कार्यक्रम में अंबिकापुर रीजनल कार्यालय के रणवीर सिंह एवं वाणिज्य प्रबंधक श्याम गुप्ता ने बताया कि भले ही ग्राहकों को होम लोन के लिए निजी बैंक एवं सरकारी बैंक के ब्याज दर में समरूपता नजर आती हो लेकिन निजी बैंक के हिडन खर्च इतने अधिक होते हैं कि ग्राहक आसानी से नहीं पकड़ पाते लोन लेने वालों को कुल मिलाकर सरकारी बैंक की तुलना में लाखों रुपया अतिरिक्त देना पड़ता है उन्होंने बैंक के अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी ग्राहकों ने बैंक के उच्च स्तरीय अधिकारियों को बैंकिंग कार्यों में आ रही समस्याओं को से अवगत करते हुए बताया कि स्टाफकी कमी की वजह से ग्राहकों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही व्यापार में छोटे नोटों की जरूरत पड़ती है जो बैंक में उपलब्ध नहीं हो पाती बैंक के प्रत्येक शाखा में 10 रुपये की बंडल उपलब्ध रहनी चाहिए जिन्हें अंबिकापुर रीजनल कार्यालय के अधिकारियों ने यथा उचित दूर करने का आश्वासन दिया7

कार्यक्रम में ग्राहको को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया

इस दौरान क्षेत्रभर के विभिन्न शाखों के ग्राहकों सहित गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न ईकाई से शाखा प्रबंधक एवं स्टाफ उपस्थित रहे

# 1984 के दंगे के दोषियों को जेल भेजने की तैयारी : शाह

## सिख बहनों और भाइयों के कल्याण के लिए सरकार ने ऐतिहासिक काम किए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिख समुदाय के कल्याण और भलाई के लिए मोदी सरकार द्वारा कई गए कामों का जिक्र कर दावा किया है कि पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिख बहनों और भाइयों के कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक काम किए हैं। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने 1984 के दंगों का जिक्र कर कहा कि 1984 के दंगे को कोई व्यक्ति कभी भूल नहीं सकता है। इन दंगों में जब तक मोदी सरकार नहीं बनी थी, तब तक किसी को सजा नहीं हुई थी। कई जांच आयोग बने लेकिन परिणाम नहीं मिला, लेकिन मोदी सरकार ने इसकी जांच के लिए एसआईटी बनाई, 300 मामलों को फिर से खोलकर जो दोषी थे उन्हें जेल भेजने की शुरुआत हुई।

शाह ने बताया कि इतने सालों के बाद 1984 के दंगों के मामलों में 3328 पीड़ितों के प्रत्येक परिवार को 5 लाख रुपए का मुआवजा देने का काम मोदी सरकार द्वारा ही किया गया। उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के जरिए पड़ोसी देशों के प्रताड़ित सिख बहनों-भाइयों को नागरिकता देने का रास्ता भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही खोला है। पीएम मोदी भाग्यवान हैं कि गुरुओं के



आशीर्वाद से उन्हें साहिबान की सेवा करने का मौका मिला है।

सिख पंथ की गुरु परंपरा को शीश झुका कर प्रणाम करते हुए शाह ने कहा कि सिख पंथ की 10 पीढ़ियों की गुरु परंपरा ने आक्रान्ताओं के सामने अन्याय और बर्बरता के खिलाफ संघर्ष और बलिदान का उत्कृष्ट उदाहरण दुनिया के सामने रखा। सालों पहले जब सभी मजहब अपने-अपने पंथ को लेकर युद्ध लड़ रहे थे, उस दौरान नानक देव साहब से लेकर दशम पिता तक जो उपदेश दिए गये, उन उपदेशों पर आज पूरी दुनिया चल रही है। इस देश पर 9वें गुरु, गुरु तेगबहादुर जी का जो उपकार है, उस कभी भुलाया नहीं जा सकता। कश्मीर में लोगों पर हुए अत्याचार के लिए औरंगजेब के खिलाफ अपना सर्वोच्च बलिदान देना उनकी महानता को दर्शाता है।उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने गुरु तेग बहादुर जी के स्मरण में उत्सव मनाने का निर्णय लिया था, तब सरकार ने यह तय किया था कि जिस स्थान से गुरु तेग बहादुर जी की शहीदगी की घोषणा हुई थी, लाल किले के उसी दीवार पर उनका गुणगान होगा। गुरुनानक देव जी ने अपने जीवन में चार उदासियां से कई देशों के अंदर सर्वधर्म समभाव का उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक से लेकर मक्का तक उनके चरण मिले हैं। बिना किसी स्वार्थ के प्रेम के संदेश के लिए उस जमाने में पैदल चल कर इतनी यात्रा करने की कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। मातृ शक्ति को सशक्त करने की परंपरा सिख पंथ में माता खिवी के लंगर की सीख से वर्षों पहले शुरू हुई। मुगलों के शासन के खिलाफ लड़ाई से लेकर अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन और स्वाधीनता के संग्राम और अब देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए अपना सर्वोच्च न्योछावर करने में सिख पंथ हमेशा अग्रणी रहा है।

शाह ने भारत के लिए सिख समुदाय के महत्व का जिक्र कर कहा कि सिख समुदाय धर्म व कर्म दोनों को समान रूप से लेकर आगे चलता है। धर्म के लिए जान देने की बारी आती है, तब एक सच्चा सिख कभी पीछे मुड़कर नहीं देखता। देश की आजादी से लेकर आज देश की सुरक्षा तक सिख भाइयों का बलिदान सबसे अधिक रहा है।

# 26 हफ्ते का गर्भ गिराने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मांगी एम्स से रिपोर्ट

### सोमवार को होगी मामले की सुनवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एक विवाहित महिला की 26 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई कर एम्स मेडिकल बोर्ड को प्रसवोत्तर मनोविकृति के इलाज के लिए महिला को दी गई दवाओं का भ्रूण के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में नई रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। सीजेआई डी.वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने मेडिकल बोर्ड को एक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया कि क्या एमटीपी अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2)(बी) के अनुसार कोई महत्वपूर्ण असामान्यता है।

पीठ ने मेडिकल बोर्ड से यह जांच करने के लिए भी कहा कि क्या ऐसा कोई सबूत है, जो बताता हो कि प्रसवोत्तर मनोविकृति के इलाज के लिए निर्धारित दवाओं से गर्भावस्था को पूरी अवधि तक जारी रखना खतरे में हो जाएगा। सीजेआई ने बोर्ड से यह पता लगाने को कहा कि यदि महिला प्रसवोत्तर मनोविकृति से पीड़ित है। इसके इलाज की जरूरत है, तब क्या भ्रूण की सुरक्षा के लिए कोई वैकल्पिक दवा उपलब्ध है। एम्स की मेडिकल रिपोर्ट सौंपने के बाद अदालत सोमवार को मामले पर फिर सुनवाई करेगी।

महिला की ओर से पेश वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि याचिकाकर्ता की दो बार सी-सेक्शन डिलीवरी हुई है और वह डिलीवरी के बाद प्रसवोत्तर मनोविकृति से पीड़ित है। उन्होंने अदालत का ध्यान प्रसवोत्तर अवसाद और प्रसवोत्तर मनोविकृति के बीच अंतर की ओर आकर्षित किया। यह कहते हुए कि संबंधित महिला उन दवाओं के बिना एक दिन भी नहीं रह सकती, जो अजन्मे बच्चे के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने कहा कि महिला मतिभ्रम से पीड़ित है और उसने अपनी बीमारियों के कारण आत्महत्या का प्रयास किया है। वकील ने अदालत को बताया कि प्रसवोत्तर मनोविकृति से शिशुहत्या का भी खतरा होता है। और यही वजह है कि उनके बाकी दोनों बच्चे उनकी सास की देखरेख में हैं। उन्होंने कहा कि अगर उसे या डॉक्टर को गर्भावस्था के बारे में पता होता, तब डॉक्टर अवसाद की भारी दवाएं नहीं देते।

केंद्र की ओर से पेश एएसजी भाटी ने अपनी दलील में कहा कि मौजूदा कानून के तहत, मेडिकल बोर्ड की राय को प्रधानता दी जाती है और याचिकाकर्ता के मामले में बोर्ड ने भ्रूण की व्यवहार्यता का हवाला देकर समाप्ति से इनकार कर दिया है। पीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद याचिकाकर्ता के नुस्खे पर गौर किया।

### फिलीपींस सेना खरीद रही ब्रह्मोस मिसाइल



**नई दिल्ली।** फिलीपींस सेना ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल सिस्टम खरीदने की तैयारी है। फिलीपींस से जल्द ही आर्डर मिलने की संभावना है। इससे पहले भी ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड फिलीपींस की नौसेना को ब्रह्मोस तटीय-आधारित एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम आपूर्ति की है। फिलीपींस नौ सेना ने भारत से 374 मिलियन डॉलर में ब्रह्मोस की तीन बैटरियां खरीदी हैं।

## बेंगलुरु में आईटी का छापा-गत्तों के अलग अलग बॉक्स में मिलें करोड़ो



**बेंगलुरु, एजेंसी।** आयकर विभाग ने अलग अलग स्थानों पर छापे मारकर करोड़ों की बेशुमार संपत्ति बरामद की है। यहां ठेकेदार और कांग्रेस के पूर्व पार्षद सहित उसके रिश्तेदारों के यहां हुई छापामारी कार्रवाई में आयकर टीएम उस वक्त दंग रह गई जब गत्तों से बने अलग अलग बॉक्सेस में करोड़ों रुपए नगर भरे हुए मिले। आयकर विभाग ने पूर्व कांग्रेस पार्षद के आवास और उनके रिश्तेदारों के फ्लैट पर छापा मारा जहां कार्टन बक्सों में कैश बरामद हुए। आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा यह छापेमारी आरटी नगर में दो जगहों पर की गई। पूर्व पार्षद अश्वत्थम्मा के एक रिश्तेदार के फ्लैट से इन पैसों की बरामदगी हुई है। आरटी नगर के आत्मानंद कॉलोनी में गत्ते के बक्सों में पैक मिले करोड़ों रुपये अब आयकर विभाग के अधिकारियों ने जब्त कर लिए है। इससे पहले आयकर विभाग के अधिकारियों ने मल्लेश्वरम, सदाशिव नगर, डॉलर्स कॉलोनी, मथिकेरे और सरजापुरा रोड सहित शहर के 10 से अधिक हिस्सों में ज्वैलर्स के घरों और कार्यालयों का दौरा किया और ज्वैलर्स के रिकॉर्ड की जांच की। विभाग के अधिकारियों ने पिछले सप्ताह सोने के आभूषण विक्रेताओं पर इसी तरह की आईटी छापेमारी की थी।

## ब्रीफ न्यूज

### अफगानिस्तान में फिर महसूस किए गए भूकंप के झटके




**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्ताप में शुक्रवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, शुक्रवार को अफगानिस्तान में रिक्टर स्केल पर 4.6 तीव्रता का भूकंप आया। सुबह 6 :39 बजे (आईएसटी) देश में 50 किलोमीटर की गहराई में भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलहाल भूकंप से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। इससे पहले 11 अक्तूबर को अफगानिस्तान में रिक्टर पैमाने पर 6.1 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। इससे हेरात प्रांत में 4000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और हजारों आवासीय इमारतें नष्ट हो गईं थीं। हेरात और आसपास के इलाके शनिवार को भी 6.3 तीव्रता के भूकंप और उसके शक्तिशाली झटकों से हिल गए।

### चिड़ियाघर में हुआ युवक का एक्स-रे

**लंदन।** 33 साल के युवक जैसन होल्टन का एक्स -रे लंदन के चिड़ियाघर में हुआ। यह युवक ब्रिटेन का सबसे भारी वजन वाला युवक है। इस युवक का वजन 300 किलो है। जेसन के शरीर में खून का थक्का जमने से अंगों में सूजन आ गई थी। डॉक्टर को उसका एक्स -रे कराना था। लंदन में किसी भी एक्सरे मशीन में यह संभव नहीं था।

# फ्रांस: पहले लगाया धार्मिक नारा फिर शिक्षक की चाकू मारकर कर दी हत्या

### स्कूलों को किया गया अलर्ट



**पेरिस, एजेंसी।** उत्तरी फ्रांस के एक स्कूल से चौंकाने वाली खबर सामने आई है। शुक्रवार को एक हाईस्कूल में एक व्यक्ति ने चाकू से शिक्षक पर हमला कर दिया। जिसके उसकी मौत हो गई। इस घटना में दो लोगों के घायल होने की बात सामने आई है। आतंकवाद विरोधी अभियोजकों ने घटना की जानकारी दी है। आतंकवाद विरोधी अभियोजकों ने कहा, पेरिस के उत्तर में स्थित अर्रास शहर के गैम्बेटा हाई स्कूल में एक वारदात सामने आई। चाकू से लैस हमलावर ने शिक्षक पर हमला किया। हमले की जांच की जा रही है। वारदात के बाद घटनास्थल पर पहुंचने वाले पुलिस अधिकारी स्लीम हामजी ने कहा, संदिग्ध हमलावर स्कूल का ही पूर्व छात्रा था। हमले के दौरान उसने कई धार्मिक नारे लगाए। जो यह दर्शाता है कि यह आतंकवाद से प्रेरित था। घटना पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, हम हाईस्कूल के पास से गुजर रहे थे। उसी दौरान वहां चिल्लाने की आवाज आई। हम अंदर गए तो देखा कि वहां एक व्यक्ति धार्मिक नारे लगाकर चाकू से हमला कर रहा था। हालांकि हमले में घायल लोगों में से एक शिक्षक को बचाया नहीं जा सका।आंतरिक मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने कहा, संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद से सरकार के अधिकारियों ने पूरे देश के सभी स्कूलों में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। हमास के हमले के बाद से यहूदी विरोधी घटनाओं में बढ़ोतरी के बीच डार्मिनिन ने गुरुवार को स्थानीय अधिकारियों को सभी फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया। अनुमान है कि इस्राइल और अमेरिका के बाद फ्रांस में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी यहूदी आबादी और पश्चिमी यूरोप में सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी है।

### इंसानों से ज्यादा टेक्नोलॉजी पर भरोसा मोसाद को पड़ा भारी

**नई दिल्ली।** इजराइल सरकार के अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा- यह बहुत ही बड़ी चूक है। इसकी तह तक जाने में कुछ सालों का समय लग सकता है। इसकी जांच शुरू की जा चुकी है। इस साल के अंत तक इंटेलिजेंस फेलियर से जुड़ी कुछ जानकारी हाथ लग सकती है। फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा।वहीं, लंबे समय तक रॉ के साथ काम कर चुके अधिकारी ने बताया कि मोसाद, ज्यादा देशों के साथ मिलकर काम नहीं करती है, जबकि भारत की रॉ के साथ मिलकर कई दशकों से काम कर रही है। इजराइल चारों तरफ से उसे चुनौती देने वाले देशों से घिरा है। ये देश इजराइल के बनने के वक्त से ही उसे नुकसान पहुंचना चाहते हैं। यही वजह है कि इजराइल में खुफिया तंत्र पर वहां की सरकार खूब पैसा खर्च करती है।

# देश अपने यहूदी नागरिकों की रक्षा करेगा: मैक्रों

### फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों पर रोक



**पेरिस, एजेंसी।** हमास द्वारा इजराइल पर हमला करने के बाद से यहूदी विरोधी घटनाओं के बढ़ने के मद्देनजर फ्रांस के गृह मंत्री ने सभी फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फ्रांसीसी लोगों से आग्रह किया है कि वे पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का असर अपने देश पर नहीं पड़ने दें। मैक्रों की ओर से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बारे में राष्ट्र को संबोधित करने से ठीक पहले पेरिस की पुलिस ने फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे लोगों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और उन पर पानी की बौछारें डाली। इन लोगों ने प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए इजराइल की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था।

मैक्रों ने कहा, हमें वैचारिक जोखिम यहां(फ्रांस) नहीं लाना चाहिए। हम अंतरराष्ट्रीय मतभेदों में राष्ट्रीय विभेद नहीं जोड़ें। हमें एकजुट रहना चाहिए...। माना जा रहा है कि हमास ने कई फ्रांसीसी-इजरायली नागरिकों को बंधक बना लिया है।

मैक्रों ने कहा कि फ्रांस अपने यहूदी नागरिकों की रक्षा करेगा। साथ ही उन्होंने फ्रांस में रहने वाले मुसलमान समुदाय के लोगों के प्रति बढ़ते शत्रुता के भाव को लेकर भी चिंता व्यक्त की। गृह मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने स्थानीय प्रशासन को यहूदी स्कूलों, प्रार्थनास्थलों और अन्य स्थानों के आसपास सुरक्षा को और मजबूत करने का निर्देश दिया। निर्देश में कहा गया है कि फलस्तीन के समर्थन में होने वाले प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए और जो लोग प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हैं उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

## 70 सालों में इस्लामी देशों से खत्म हुई यहूदी जनसंख्या

### इराक में थे डेढ़ लाख, अब बचे सिर्फ 10

**तेल अवीव, एजेंसी।** इन दिनों दुनिया भर में इस्राइल पर आतंकी संगठन हमास के हमले और उसके बाद इस्राइल की गाजा पट्टी पर कार्रवाई की खबरें सुर्खियां बनी हुई हैं। हालांकि इस्राइल और फलस्तीन समेत लगभग सभी मुस्लिम राष्ट्रों के बीच मतभेदों का एक लंबा इतिहास है। फलस्तीन में यहूदी लोगों के बसने के बाद से यह मतभेद और बढ़े हैं। इन मतभेदों और एक दूसरे के प्रति विश्वास की कमी का ही असर है कि दुनिया भर के मुस्लिम राष्ट्रों में यहूदी जनसंख्या में भारी गिरावट आई है। कई मुस्लिम राष्ट्रों में तो यहूदी जनसंख्या खत्म होने के बहुत करीब है, तो कहीं कहीं खत्म भी हो चुकी है। इसे लेकर एक आंकड़ा सामने आया है, जो चौंकाने वाला है। वर्ल्ड ऑफ स्टेटिक्स ने एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की है। इस पोस्ट में कुछ आंकड़े दिए गए हैं, जिनमें बताया गया है कि किस तरह से साल 1948 के मुकाबले कई मुस्लिम देशों में यहूदी लोगों की जनसंख्या लगभग खत्म हो चुकी है या फिर जल्द खत्म होने के कगार पर है। आंकड़ों के अनुसार, अफगानिस्तान में साल 1948 में पांच हजार यहूदी लोग रहते थे लेकिन साल 2019 में महज एक यहूदी ही अफगानिस्तान में बचा था।

## ब्रिटेन में सभी जेल, अदालत ने दिया रिहा करने का आदेश, सजा रोक



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में आने वाले कुछ हफ्तों तक अपराधियों को सजा देने पर रोक लगा दी गई है। दरअसल ब्रिटेन की सभी जेल फिलहाल पूरी भर गई हैं। ऐसे में ब्रिटेन की एक अदालत ने उक्त निर्देश जारी किया है। अदालत ने ये भी कहा है कि जेलों में बंद कुछ कैदियों को समय से पहले रिहा किया जाए ताकि जेलों पर पड़ रहे बोझ को कुछ हद तक कम किया जा सके।

### कैदियों से भरी ब्रिटेन की सभी जेल

ब्रिटिश मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लैंड एंड वेल्स एक वरिष्ठ न्यायाधीश लॉर्ड जस्टिस एडिस ने निर्देश दिया है कि सोमवार तक दोषी अपराधियों को सजा के एलान को फिलहाल टाल दिया जाए। जब इस आदेश को लेकर न्यायाधीश लॉर्ड जस्टिस एडिस से जब दुष्कर्म के दोषियों की सजा टालने को लेकर सवाल किया गया तो वह भी मौजूदा हालात को लेकर परेशान दिखे और उन्होंने समाज में अपराधियों के खुले घूमने पर चिंता जताई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्रिटेन की जेलों में फिलहाल 88016 कैदी बंद हैं, जो कि ब्रिटिश जेलों की कुल क्षमता से महज 654 ही कम है। ब्रिटेन की जेलों की कमी से वहां की सरकार भी वाकिफ है। साल 2019 में चुनाव के दौरान 20 हजार नई जेलों के निर्माण का वादा सरकार ने किया था।

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने नेतन्याहू से मुलाकात की

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास की जंग के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन गुरुवार को अचानक इजराइल की राजधानी तेल अवीव पहुंचे। ब्लिंकन ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से अकेले में लंबी बातचीत की इसके बाद दोनों नेताओं ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें ब्लिंकन ने कहा- मैं खुद यहूदी हूं और जो कुछ हुआ है, उसको महसूस कर सकता हूं। एक बात साफ कर देना चाहता हूं कि जब तक अमेरिका है, तब तक इजराइल अपनी हिफाजत के मुद्दे पर खुद को अकेला न समझे।

### अमेरिका ने अपने नागरिकों को दी सलाह

## बांग्लादेश में जेबकतरों से रहें सावधान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** बांग्लादेश में इन दिनों सांप्रदायिक हिंसा, अपराध, आतंकवाद, अपहरण और जेबकतरी लगातार बढ़ रही है। इन घटनाओं से चिंतित अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उसमें गया है कि बांग्लादेश की यात्रा करने वाले नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जेबकतरी ज्यादा होती है,ऐसे में सावधान रहने की बहुत ज्यादा जरुरत है। बता दें इससे पहले इसी तरह की एडवाइजरी कनाडा भी जारी कर चुका है। अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए लेवल-2 का यात्रा परामर्श जारी किया और अपने नागरिकों से उस एशियाई राष्ट्र की यात्रा को लेकर सावधानी बरतने का आग्रह किया। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने अपराध, आतंकवाद, अपहरण और हाल में हुई घटनाओं से संबंधित जानकारियों की आवधिक समीक्षा करने के बाद फिर से परामर्श जारी किया है, जिसमें उसने अपने नागरिकों से बांग्लादेश में अधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, अपराध, आतंकवाद और आगामी आम चुनाव के कारण कुछ इलाकों में खतरा बढ़ गया है। बांग्लादेश के प्रमुख शहरों में डकैती, चोरी,जेबकतरी, हमले और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मामले अधिक होते हैं हालांकि ऐसे कोई संकेत नहीं हैं कि विदेशियों को उनकी राष्ट्रीयता के कारण निशाना बनाया जा रहा है। ये अपराध हालात, समय और स्थान पर निर्भर करते हैं।

### आतंकी हमलें की संभावना

मंत्रालय के मुताबिक, आतंकवादी हमले हो सकते हैं, जिसकी भनक न के बराबर होती है। इतना ही नहीं आतंकवादी पर्यटक स्थानों, परिवहन केंद्रों, बाजार/शॉपिंग मॉल, रेस्तरां, पूजा स्थलों, स्कूल परिसरों और सार्वजनकि स्थलों को निशाना बनाते हैं।

# श्मशान बनी गाजा पट्टी, लाशे रखने की जगह भी नहीं बची

**तेलअवीव, एजेंसी**

गाजा पट्टी पर इजराइली सेना लगातार हमले कर रही है। वहां लोगों की मौते हो रही है और बिजली,पानी एवं भोजन का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में वहां लाशों का ढेर बढ़ता जा रहा है। इन्हे ठिकाने लगाने जगह नहीं बची है। गाजा के सबसे बड़े अस्पताल का मुर्दाघर गुरुवार को खचाखच भर गया क्योंकि इजराइल की भारी हवाई बमबारी के छठे दिन शव उनके रिश्तेदारों के दावे से कहीं अधिक तेजी से आ रहे थे। हर दिन बड़ी संख्या में फ़िलिस्तीनियों के मारे जाने के कारण, घिरे हुए इलाके में चिकित्सकों ने कहा कि उनके पास नवीनतम हमलों से निकाले गए अवशेषों या ध्वस्त इमारतों के खंडहरों से बरामद किए गए अवशेषों को रखने के लिए जगहें खत्म हो गई हैं। गाजा के शिफा अस्पताल का मुर्दाघर एक समय में लगभग 30 शवों को ही संभाल सकता है, और



कर्मचारियों को वॉक-इन कूलर के बाहर तीन ऊंचाई पर लाशों को ढेर करना पड़ता था और पार्किंग स्थल में एक साथ दर्जनों लाशें रखनी पड़ती थीं। कुछ को तंबू में रखा गया था, और कुछ को सूरज के नीचे सीमेंट पर फैलाया गया था। नेटवर्क मॉनिटरिंग फर्म केंटिक इंक के विश्लेषक डौग मैडोरी के अनुसार, गाजा सिटी में इंटरनेट कनेक्टिविटी मंगलवार से 20 प्रतिशत से नीचे है, जिसके डेटा से पता चलता है कि कटौती शनिवार सुबह शुरू हुई।

इज़रायली सेना का कहना है कि वह गाजा में संभावित जमीनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है लेकिन राजनीतिक नेतृत्व ने अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है। लेफ्टिनेंट कर्नल रिचर्ड हेचट ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि यदि निर्णय लिया गया तो सेनाएं जमीनी स्तर पर युद्धाभ्यास की तैयारी कर रही हैं। सेना ने ऐसे परिदृश्य के लिए जबरदस्त संसाधनों का निवेश किया है, यहां तक ??कि गाजा के शहरी परिदृश्य को दोहराने के लिए अपने दक्षिणी रेगिस्तान में एक प्रशिक्षण आधार भी बनाया है।

इज़राइल ने कहा कि शनिवार को इज़राइल में एक अप्रत्याशित हमले के दौरान हमास द्वारा बंदी बनाए गए लगभग 150 बंधकों की रिहाई तक गाजा में कुछ भी अनुमति नहीं दी जाएगी, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। इजरायल सेना ने हमास पर हमला करते हुए 1537 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि इजरायली हवाई हमलों में 500 बच्चों और 276 महिलाओं सहित 1537 फलस्तीनी मारे गए और 6612 घायल हो गए। मारे गए लोगों में हमास का वित्तीय मामलों का प्रमुख जवाद अबू शामला, एक अन्य वरिष्ठ नेता और तीन पत्रकार शामिल हैं।अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठक में इजरायल के लिए अमेरिकी समर्थन की कसम खाई। इज़राइल द्वारा गाजा के 2.3 मिलियन लोगों के लिए मिस्र से आपूर्ति के प्रवेश को रोकने के बाद अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूहों ने बिगड़ते मानवीय संकट की चेतावनी दी। इज़राइल-हमास युद्ध में दोनों पक्षों के कम से कम 2,800 लोगों की जान गई है।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इजरायली सेना हमास के हमले का जवाब लगातार हवाई हमलों से दे रही है, जिससे 4,23,000 लोगों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अधिकांश ने संयुक्त राष्ट्र के स्कूलों में भीड़ लगा दी है। अन्य लोगों ने सुरक्षित पड़ोस की घटती संख्या की मांग की है। गाजा केवल 40 किलोमीटर (25 मील) लंबा है, जो इज़राइल, मिस्र और भूमध्य सागर के बीच फैला हुआ है। जबकि इज़राइल ने जोर देकर कहा है कि वह अपने हमलों की अग्रिम सूचना दे रहा है, वह केवल व्यक्तिगत इमारतों के बजाय पड़ोस के पूरे हिस्से को समतल करने की एक नई रणनीति अपना रहा है। एकमात्र बिजली स्टेशन में ईंधन ख़त्म हो जाने और बंद हो जाने के कारण फ़िलिस्तीनी रात भर लगभग अंधेरे में रहे।

## सार-समाचार

### शंकर ध्रुवा पर एक बार और कांग्रेस पार्टी ने विश्वास जताया



**अशोक जैन/कांकेर।** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय और प्रदेश कमेटी ने एक बार फिर पूर्व विधायक और जिला सहकारी बैंक जगदलपुर के अध्यक्ष शंकर ध्रुवा में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने एक बार फिर से विश्वास जताया है। वहीं पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी घोषित होने पर शंकर ध्रुवा ने पार्टी को धन्यवाद देते हुए कहा कि एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सभी प्रकोष्ठ और कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता एक है और एकसाथ मिलकर इस चुनाव में उतरेंगे। जनता के बीच जाकर आशीर्वाद लेंगे उन्होंने कहा कि अगर मैं चुन कर आऊंगा तो दुधावा नहर से किसानों को पर्याप्त धान फसल हेतु पानी मिल सके एवं इसका लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिल सके इस बारे में कार्य किया जाएगा। कांकेर शहर को विकसित एवं सुंदर शहर बनाने के लिए भी काम करवाया जाएगा कांकेर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में मूलभूत समस्याओं को जनता के साथ मिलकर दूर करने का प्रयास किया जाएगा एवं चोरिया के ग्रामीणों की वर्षों से बडेपारा एवं ढाबा पारा की नदी में पूल निर्माण की मांग को भी पूरा किया जाएगा एवं शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए भी कार्य किया जाएगा।

### ओप्पो ने भारत में फाइंड एन3 फ्लिप लॉन्च किया

**रायपुर।** ओप्पो इंडिया ने 94,999 रुपए में अपना नया फोल्डेबल, फाइंड एन3 फ्लिप पेश किया है। यह फोल्डेबल फोन 22 अक्टूबर, शाम 6 बजे से क्रीम गोल्ड और स्लीक ब्लैक कलर्स में ओप्पो स्टोर्स, फ्लिपकार्ट और मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर मिलना शुरू हो जाएगा। फाइंड एन3 फ्लिप का वजन केवल 198 ग्राम है, तथा मोड़े जाने पर 8.55 सेमी मोटा यह फ्लिप फोन पर्स या पॉकेट में आसानी से आ जाता है। इस स्मार्टफोन में फ्लिप डिवाइस में पहली बार पर हैसलब्लैड-बैक्ड ट्रिपल-रियर-कैमरा सेटअप दिया गया है।फाइंड के लेटेस्ट एडिशन के बारे में ओप्पो इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, दमयंत सिंह खनोरिया ने कहा, इस साल फाइंड एन2 फ्लिप की सफलता के बाद हम अपना नया फ्लिप, फाइंड एन3 फ्लिप पेश करके बहुत उत्साहित हैं। इस नये फ्लिप में फाइंड एन2 के मुकाबले कवर स्क्रीन की फंक्शनलिटी, कैमरा अनुभव और परफॉर्मेंस में काफी सुधार किया गया है। जहाँ अन्य कंपनियाँ अभी इस श्रेणी में प्रवेश करने की कोशिश कर रही हैं, वहीं हमने इसमें नए मानक स्थापित कर दिए हैं। हमारा नया फ्लिप अतुलनीय उपयोगिता प्रदान करने के लिए सुंदर और कॉम्पैक्ट डिजाइन में बेहतरीन फीचर्स लेकर आया है। अपनी शानदार विशेषताओं और आकर्षक लुक के साथ ओप्पो फाइंड एन3 फ्लिप मेडटूबीआइकॉनिक है। फाइंड एन3 फ्लिप में 17रू9 एस्पेक्ट अनुपात के साथ 3.26 इंच की बड़ी वर्टिकल कवर स्क्रीन है। इसमें वर्टिकल ओरिएंटेशन के लिए 90: से ज्यादा एंड्रॉयड ऐप्स को ऑप्टिमाइज किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप, फाइंड एन3 फ्लिप जीमेल, फोटो, आउटलुक, उबर, एक्स और गूगल मैप्स सहित 40 ऐप्स को सपोर्ट करता है, जो सीधे इसके डिस्प्ले से चलाये जा सकते हैं। इसकी कवर स्क्रीन ईमेल और इंस्टैंट मैसेजेस का जवाब देने के लिए क्वर्टी कीबोर्ड को सपोर्ट करती है। यह मैसेजेस, कैमरा, बैटरी, रिकॉर्डर, टाइमर और टू डू सहित 20 स्टाइल्स और तीन क्विक एक्सेस विगेट्स में कस्टमाइज किया जा सकता है।

### फिटजी के बिग बैंग एज टेस्ट देकर सपनों को हकीकत बनाएं

**भिलाई:** फिटजी अहम प्रतियोगिता परीक्षाओं के उम्मीदवारों की तैयारी के लिए सबसे जाना-माना नाम है। यह उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने योग्य बनाता है। फिटजी ने बिग बैंग एज टेस्ट आयोजित करने की घोषणा की है। यह परीक्षा छात्रों की क्षमताओं का सटीक मूल्यांकन करती है। उनके अंदर परीक्षा की सही मनोदशा विकसित करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का मार्गदर्शन देती है जिसके लिए फिटजी सदैव संकल्पित रहा है। आगामी 22 और 29 अक्टूबर, 2023 को फिटजी का ऑफलाइन बिग बैंग एज टेस्ट होगा। इसमें कक्षा 5, 6, 7, 8, 9, 10 और 11 के छात्र भाग ले सकते हैं। वे अपनी सुविधा से कोई तारीख चुन सकते हैं। इसके अतिरिक्त ईस्कूल प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन परीक्षा होगी। फिटजी समूह के निदेशक श्री आर एल त्रिखा ने कहा फिटजी में हम इस विश्वास से काम करते हैं कि प्रत्येक छात्र में शैक्षणिक सफलता प्राप्त करने की पर्याप्त क्षमता है। बिग बैंग एज टेस्ट अलग-अलग वर्ग के सभी छात्रों को उत्साहवर्धक अवसर देने की हमारी प्रतिबद्धता की मिसाल है। यह सभी छात्रों की प्रतिभा सही से निखाने के हमारे लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्हें हमारे साथ यह सफर शुरू करने को आमंत्रित करते हुए हम बहुत उत्साहित हैं।'' फिटजी भिलाई एवं रायपुर सेंटर के मैनेजिंग पार्टनर एवं प्रमुख श्री जगदीश कुमार तुलस्वानी ने कहा फिट्जी ने निस्संदेह प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ मानक स्थापित किया है। संस्थान युवा प्रतिभाओं को निखार कर उन्हें सफल बनाने का काम पूरे समर्पण से करता रहा है। फिट्जी के उत्कृष्ट फैकल्टी, दमदार कोर्स और निरंतर उत्साहवर्धन से यह अनगिनत छात्रों के सपने पूरे करने में सहायक रहा है।

# व्यय प्रेक्षक रविराज एस. खोगारे ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों की ली बैठक

### व्यय संबंधी रिपोर्टिंग नियत समय में करना सुनिश्चित करें- श्री खोगारे









**दंतेवाड़ा( भारत भास्कर )**15 अक्टूबर 2023। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दन्तेवाड़ा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दंतेवाड़ा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक रविराज एस. खोगारे (आई आर एस) ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों की बैठक लेकर उन्हें अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए टीम भावना के साथ कार्य किये जाने कहा। उन्होंने इस दिशा में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों को दी गई प्रशिक्षण सहित उड़नदस्ता दलों, स्थैतिक दलों, वीडियो सर्विलांस दलों, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के कार्यों की जानकारी ली। वहीं उन्होंने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, वीडियो निगरानी टीम इत्यादि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, एडिशनल एसपी बर्मन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर तथा सम्बन्धित दलों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## शंकर धुर्वा कांकेर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने पर सरोना मुड़पार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**कांकेर।** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा की पहली सूची में कांकेर विधानसभा के लिए शंकर धुर्वा के कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा होने पर सरोना जोन द्वारा बस स्टैंड चौक एवं मुड़पार चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर मिठाई बांटी गई एवं केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया सरोना कांग्रेस जोन अध्यक्ष मुकेश रजक देवचद कोडोपी कांग्रेस नेता पुष्कर साहू , दिनेश सहारे , विधानसभा अध्यक्ष फैजल मेमन , आदिम जाति सहकारी समिति अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता राजकुमार नाग ने कहा कि राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने अनुभवी एवं पूर्व विधायक किसान पुत्र शंकर धुर्वा को मैदान में उतारने का फैसला लिया है राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की कसौटी पर खरे उतरने का योग्य प्रत्याशी की घोषणा की है सरोना जोन? अध्यक्ष मुकेश रजक , कांग्रेस नेता पुष्कर साहू , दिनेश सहारै , फैजल मेमन विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में शानदार बहुमत के साथ कांग्रेस पार्टी की एक बार फिर सरकार बनेगी उन्होंने सरोना जोन के समस्त कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अभी से चुनाव मैदान में उतर जाये एवं कांकेर विधानसभा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी शंकर धुर्वा के पक्ष में माहौल बनाएं इस अवसर पर देवानंद मरकाम , जगदेव मंडावी ,हरक नेताम , चंदा नेताम , राजू सिंहा , मनोज निषाद, गीता निषाद , ममता जैन, रेवती जैन देवेंद्र जैन, गुड्डा निषाद , अशोक सिन्हा , संतोष रजक, देवा मरकाम माणिक वट्टी , संभू शोरी, रामेश्वर , मनीष सेठिया भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## व्यय प्रेक्षक ने अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा के एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



### विधानसभा आम निर्वाचन-2023: निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने दिए निर्देश

**अशोक जैन**

**कांकेर** विधानसभा निर्वाचन 2023 की अधिसूचना निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कर दी गयी है। निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा किए गए व्यय की निगरानी के लिए आयोग द्वारा व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गयी है। इसी क्रम में आज कांकेर जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री संजय कुमार साहू द्वारा अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-79 अंतर्गत अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा में बने एसएसटी (स्थैतिक निगरानी दल) चेक पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट में संधारित पंजियो का निरीक्षण किया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को आयोग के निर्देशानुसार सतर्कता एवं सजगता के साथ वहां से गुजरने वाले सभी वाहनों की सघन जांच हेतु निर्देशित किया। व्यय प्रेक्षक श्री साहू ने वहां से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन का सघन चेकिंग करने और गतिविधियों पर पैनी निगाह रखने के भी निर्देश तैनात अधिकारियों को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर अंतागढ़ श्री बी.एस. उइके, अनुविभागीय दंडाधिकारी अंतागढ़ श्री विश्वास कुमार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अमर सिदार, खनिज अधिकारी श्री बी. के. चंद्राकर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## भाजपा विधानसभा प्रत्याशी चैतराम अटामी ने समर्थको के साथ किया माता दंतेश्वरी का दर्शन



**दंतेवाड़ा( भारत भास्कर )** से भाजपा ने बतौर विधानसभा उम्मीदवार चैतराम अटामी पर भरोसा जताया है वर्तमान में चैतराम अटामी भाजपा दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष भी है 7 आज नवरात्री के प्रथम दिन भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी अपने समर्थको के साथ माता दंतेश्वरी के दरबार पहुंचे व देवी दर्शन कर जीत का आशीर्वाद माँगा 7 मंदिर दर्शन के दौरान भाजपा दंतेवाड़ा एकजुट एवं पूरी तरह से चुनाव के लिये तैयार दिखी जिससे भाजपा नेताओ में टिकट की घोषणा के पश्चात आपसी खींचतान के खबर पर विराम लग गया 7 इस दौरान चैतराम अटामी को प्रत्याशी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओ ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। जयस्तंभ चौक दंतेवाड़ा में भाजपाई भारी संख्या में उपस्थित हुए व चैतराम अटामी के साथ रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए माता के दरबार तक पहुंचे 7 भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा की दंतेवाड़ा विधानसभा से प्रत्याशी बनाये जाने पर वे भाजपा राष्ट्रिय नेतृत्व,प्रदेश नेतृत्व व समर्थको का दिल से अभिनन्दन करते है व विश्वास दिलाते है की पूरी निष्ठां एवं एकजुटता के साथ कार्यकर्ताओ को साथ लेकर घर घर तक जायेंगे व दंतेवाड़ा विधानसभा सीट जीतते हुए भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनाने का जनता से आशीर्वाद मांगेंगे। इस दौरान समस्त भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व क ा य ᐟ क त ा ᐟ मौजूद रहे।

## 15 अक्टूबर से शुरू हो रही नवरात्रि, सुविधा के लिये मार्ग किया गया परिवर्तित



**दंतेवाड़ा ( भारत भास्कर )** शारदीय नवरात्रि इस वर्ष 15 अक्टूबर रविवार से शुरू हो रही है जिस दौरान दन्तेवाड़ा के आसपास से एवं राज्यभर से श्रद्धालुगण मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिये यहां आते है। इस दौरान पैदल यात्रियों का भी भारी संख्या में आवागमन होता है। काफी संख्या में आवागमन होने से यातायात पर दबाव भी बना रहता है। जिसे देखते हुये यातायात पुलिस दन्तेवाड़ा ने भी तैयारियां कर ली है। श्रद्धालुओं को दर्शन करने व पैदल यात्रियों को इस दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो इस हेतु भारी वाहनों का (यात्री बस सहीत) दन्तेवाड़ा शहर में प्रवेश 24 घंटे निषेध कर दिया गया है। इस बाबत,ष्ठरू महोदय द्वारा आदेश भी जारी कर दिया है। 24 अक्टूबर तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णत: प्रतिबंध लगा दिया गया है। यात्री बसे बाईपास से होते हुये बचेली मार्ग से बस स्टैण्ड तक आ सकती है। गीदम की तरफ से आने यात्री बस चितलंका बायपास से होकर बस स्टैंड जायेंगे। भीड़ की संभावना व यातायात के दबाव को कम करने,सुगम यातयात को बनाये रखने के लिये हर पॉइंट पर यातायात पुलिस को तैनात किया गया है। ताकि इस दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय र्स्थित निर्मित न हो।

यह प्रतिबंध पूरे 10 दिनों के लिये लगाया गया है ताकि दर्शनर्थियों को इस दौरान किसी भी प्रकार कि परेशानियां का सामना न करना पड़े। हल्के मोटरयानों को प्रवेश की अनुमति दि गई है पर उन वाहनों के लिये भी पृथक से पार्किंग स्थल का निर्धारण किया गया है। जहां पर वाहन पार्क कर यात्री दर्शन हेतु मंदिर तक पैदल जा सकते है।

# जिला पुलिस, सीएपीएफ एवं जिला प्रशासन द्वारा बचेली एवं किरंदुल में फ्लैग मार्च







**दन्तेवाड़ा ( भारत भास्कर )** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी , उप पुलिस महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप , उप पुलिस महानिरीक्षक (परि.)सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज विकास कठेरिया ,पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राम प्रवेश रॉय , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन के दिशा निर्देशन पुलिस अनुविभागीय किरंदुल कपिल चंद्रा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के प्रथम फेस की चुनाव के मद्देनजर पुलिस बल, सीआईएसएफ व प्रशासनिक अमला के द्वारा संयुक्त रूप से आज दिनांक 13.10.023 को बचेली व किरंदुल शहर में किया गया फ्लैग मार्च 7

आगामी विधानसभा चुनाव-2023 को सुचारू रूप से संपन्न करवाने, जनता में सुरक्षा की भावना जागृत करने, भयमुक्त वातावरण निर्मित करने व आम मतदाता को स्वतंत्र ,निर्भीक होकर लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व को मनाने के लिए अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डालने आम जनता को जागरूक एवं आदर्श आचार संहिता के पालन करने के उद्देश्य से श्रीमान अनुविभागीय दंडाधिकारी (राज.) विवेक चंद्रा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरंदुर कपिल चंद्रा, तहसीलदार महेश कुमार कश्यप, थाना प्रभारी किरांदुल प्रहलाद कुमार साहू, थाना प्रभारी बचेली राकेश यादव व भारी संख्या में जिला बल, ष्ट्ढ्रस्न्न बल व प्रशासनिक अमला द्वारा बचेली एवं किरांदुल शहर में दिनांक 13/10/2023 को फ्लैग मार्च निकाल कर आम लोगों व मतदाताओं को जागरूक किया गया।

